Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 187 | बुधवार, 09 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी की दो टूक

# आतंकवाद पर मापदंड दोहरे न हों इस पर भारत-ब्राजील की सोच एक



पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा भारत-ब्राजील की मुख्य प्राथमिकताएं

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने कहा, 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारी सोच एक जैसी है- शून्य सहिष्णुता और शून्य दोहरा मापदंड।' उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं। पीएम मोदी ने चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा, 'आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और ब्राजील की शून्य सहिष्णुता और शून्य दोहरा मापदंड की सोच समान है। भारत और ब्राजील दोनों आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और उसके सदाबहार मित्र चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद पीएम मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारी सोच एक जैसी है- शून्य सहिष्णुता और शून्य दोहरा मापदंड।' पीएम मोदी ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत और ब्राजील आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं। अतीत में भारत ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का वैश्विक केंद्र' बताया है। पीएम मोदी ने चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा, 'आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं है।' पीएम ने अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद राष्ट्रपति लूला की एकजुटता और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत और ब्राजील ने हर क्षेत्र में आपसी सहयोग को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की है। दोनों नेताओं की यह बैठक मंगलवार को यहां अल्वोराडा पैलेस में हुई। पीएम मोदी ने कहा कि हमने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर (1.70 लाख करोड़ रुपये) तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा भारत और ब्राजील की मुख्य प्राथमिकताएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ब्राजील के बीच रक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच यह बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज, जब विश्व तनाव और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है, भारत और ब्राजील की साझेदारी स्थिरता और संतुलन का महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने यह भी कहा कि हम इस बात पर एकमत हैं कि सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए होना चाहिए।

## ओली ने फिर दोहराई बात

# 'भगवान श्रीराम नेपाल में जन्मे प्रचार में डर-झिझक महसूस न करें'

**नई दिल्ली।**



नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भगवान श्रीराम के जन्म को लेकर बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि महर्षि वाल्मीकि रचित मूल रामायण के मुताबिक राम का जन्मस्थान नेपाली सीमा क्षेत्र में है। लोगों को इस बात को प्रचारित करने में डर या झिझक महसूस नहीं करनी चाहिए। बता दें कि पांच साल पहले भी ओली ने ऐसे ही बयान दिए थे, जिसके कारण उनकी अपनी ही पार्टी के लोग नाराज हो गए थे। उन्होंने दावा किया है कि भगवान शिव और महर्षि विश्वामित्र भी नेपाल से हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने एक बार फिर दोहराया है कि भगवान श्रीराम का जन्म नेपाल में हुआ था। उन्होंने काठमांडो में एक पार्टी कार्यक्रम में कहा कि राम का जन्मस्थान नेपाल सीमा क्षेत्र में है और यह सच्चाई प्रचारित करने में किसी को कोई झिझक या भय नहीं होना चाहिए। ओली ने दावा किया कि उनका यह कथन महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित मूल रामायण पर आधारित है। ओली बोले, हम पर्यटन की बात करते हैं, लेकिन कोई ये कैसे कह सकता है कि राम का जन्म कहीं और हुआ? राम नेपाल के हैं। मैं ये नहीं कहता कि वो क्षेत्र तब भी नेपाल में था।

## हवाई किराए पर कब लगेगी लगाम

**नई दिल्ली।** महाकुंभ और पहलगाम आतंकी हमले के बाद हवाई किराए में अचान बेतहाशा बढ़ोतरी देखने को मिली थी। मंगलवार (08 जुलाई, 2025) को पार्लियामेंट्री पैनल मीटिंग में इस मुद्दे को उठाया गया और विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि वह हवाई टिकटों की कीमतों में भारी वृद्धि को रोकने के लिए एक तंत्र स्थापित करेगा। इसके साथ ही सांसदों ने अमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद हवाई सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई।

## 'शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य'

**नई दिल्ली।**



बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर भले ही विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट कर दिया है कि आयोग की मुहिम लोकतंत्र के लिए जरूरी है। मंगलवार को उन्होंने पोस्ट के माध्यम से यह बताने की कोशिश की कि लोकतंत्र की मजबूती तभी आएगी जब सूची शुद्ध हो। उनकी इस मंशा को बिहार के मतदाताओं के जोश से भी समर्थन मिलता दिख रहा है। चुनाव आयोग ने दावा किया है कि मंगलवार शाम छह बजे तक राज्य के लगभग 47 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने भरे हुए गणना फार्म जमा कर दिए हैं। यह स्थिति तब है जब सत्यापन से जुड़े गणना फार्मों को जमा कराने की अंतिम तारीख 25 जुलाई है। आयोग के सूत्रों का मानना है कि गुरुवार को होने वाली सुनवाई में यह आंकड़ा प्रभावी साबित हो सकता है। आयोग के अनुसार, सत्यापन को लेकर मतदाताओं का राज्य में जिस तरह का उत्साह देखा जा रहा है, उसमें सभी मतदाताओं के भरे हुए गणना फार्म तय समय से पहले ही प्राप्त हो सकते हैं। आयोग पहले ही राज्य के लगभग 97 प्रतिशत यानी 7.70 करोड़ मतदाताओं तक घर-घर सत्यापन से जुड़ा गणना फार्म पहुंचा चुका है।

आयोग से जुड़े उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि सत्यापन को लेकर कुछ विपक्षी नेता भले ही भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन मतदाताओं को इस मुहिम को लेकर कोई भ्रम नहीं है। आयोग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में करीब 82.78 लाख मतदाताओं ने अपने गणना फार्म जमा कराए हैं। इस प्रकार अब तक कुल 3.70 करोड़ मतदाताओं के गणना फार्म जमा हो चुके हैं। राज्य में वर्तमान में कुल 7.90 करोड़ मतदाता हैं।

## हज यात्रा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू



यात्रा रद करने पर लगेगा जुमार्ना

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय हज समिति ने मुस्लिम समुदाय के लिए बेहद महत्वपूर्ण पवित्र तीर्थयात्रा हज 2026 के लिए आधिकारिक तौर पर आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक व्यक्ति 31 जुलाई तक अपना आवेदन कर सकते हैं। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने कहा कि इच्छुक तीर्थ यात्री अपने आवेदन आधिकारिक हज पोर्टल या हज सुविधा मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन सात जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 (रात 11:59 बजे) तक किए जा सकते हैं। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि आवेदकों को अपने फार्म जमा करने से पहले दिशा-निदेर्शों को अच्छी तरह से पढ़ना होगा। इसमें कहा गया है कि आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया भारतीय अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट होना अनिवार्य है और कम से कम 31 दिसंबर 2026 तक वैध होना चाहिए।

## बाबा बफार्नी के दर्शन करने वालों का आंकड़ा एक लाख पार

**श्रीनगर।**



मंगलवार को दर्शन करने वालों का आंकड़ा एक लाख के पार पहुंच गया। पिछली बार पांच दिनों में 1.05 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बफार्नी के दर पर हाजिरी लगाई थी। इस बार छह दिनों में 1,11,974 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। बाबा बफार्नी के भक्तों का जोश आसमान पर है। मंगलवार को दर्शन करने वालों का आंकड़ा एक लाख के पार पहुंच गया। पिछली बार पांच दिनों में 1.05 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बफार्नी के दर पर हाजिरी लगाई थी। इस बार छह दिनों में 1,11,974 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर जो आशंका जताई जा रही थी, उस सब सब पर भक्तों का उत्साह भारी पड़ा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कार्यालय ने भक्तों का आंकड़ा एक लाख पार होने पर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसमें कहा गया कि आस्था की यात्रा, पवित्र श्री अमरनाथ जी यात्रा ने तीर्थयात्रा के पहले छह दिनों में ही एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों को पार कर लिया है। आध्यात्मिक उत्सव और यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर सुचारु रूप से जारी है और आने वाले दिनों में और अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। अब तक मौसम ने श्रद्धालुओं का पूरा साथ दिया है। बालटाल में बारिश की वजह से सोमवार रात रोके गए श्रद्धालुओं को छोड़ दिया जाए तो अब तक यात्रा को रोकना नहीं पड़ा है। हजारों श्रद्धालु रोजाना बाबा के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।

## 350 सरकारी स्कूलों में एक भी छात्र नहीं

**कोलकाता।** बंगाल के 23 जिलों में 348 ऐसे सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं, जहां एक भी विद्यार्थी नहीं है। इनमें अकेले कोलकाता में 119 (34.19 प्रतिशत) स्कूल हैं। कई स्कूलों में वर्ष 2020 से एक भी विद्यार्थी का दाखिला नहीं हुआ है। बंगाल सरकार ने इन स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग के आंतरिक आंकड़े के अनुसार बिना विद्यार्थियों वाले स्कूलों की फेहरिस्त में उत्तर 24 परगना जिला दूसरे स्थान पर है।

## पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर अपार्टमेंट में मृत मिली



**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर के निधन की खबर सामने आई है। कराची स्थिति अपने अपार्टमेंट में वह मृत पाई गईं। माना जा रहा है कि एक्ट्रेस की मौत दो हफ्ते पहले ही हो चुकी थी। मंगलवार को पाकिस्तानी एक्ट्रेस हुमैरा असगर के मौत की पुष्टि की गई। पुलिस के अनुसार शव काफी सड़ चुका था। माना जा रहा है कि दो हफ्ते पहले ही हुमैरा की मौत हो चुकी थी। लेकिन आसपास रहने वाले लोगों का ध्यान इस बात पर नहीं गया। डीआईजी सैयद असद रजा ने पाकिस्तानी मीडिया को इस बात की जानकारी दी। हुमैरा असगर कराची में इत्तेहाद कमर्शियल के एक फ्लैट में रहती थीं, इसी अपार्टमेंट में एक्ट्रेस का शव मिला। पुलिस ने मंगलवार यानी 8 जुलाई इस बात की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार एक्ट्रेस की बॉडी काफी सड़ चुकी थी।

## ट्रंप बोले- डॉलर को शहंशाह बनाए रखेंगे; खुद को बताया स्मार्ट राष्ट्रपति




**वाशिंगटन।** ट्रंप और ब्रिक्स देशों के बीच चल रहे मतभेद दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे है। ऐसे में अब व्हाइट हाउस में हुए एक बैठक के बाद ट्रंप ने खुद को एक स्मार्ट राष्ट्रपति बताते हुए ब्रिक्स देशों पर डॉलर को कमजोर करने की कोशिश का आरोप लगाया। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि इन देशों को अब भारी कीमत चुकानी ब्रिक्स देशों और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मतभेद बढ़ते ही जा रहे हैं। कारण है कि ब्रिक्स देशों ने अपने सम्मेलन में टैरिफ नीति की नींदा की थी। इसके बाद ट्रंप लगातार रूप से ब्रिक्स देशों पर डॉलर को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ट्रंप ने कहा कि वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

## बिहार के इस जिले से उड़ान भरेगा 19 सीटर विमान

दिल्ली से आई टीम ने किया सर्वे

**मुजफ्फरपुर।** बहुप्रतिक्षित पताही हवाई अड्डा से विमान सेवा शुरू होने की संभावनाएं तेज हो गई है। यहां से 19 सीटर विमान उड़ाने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर मंगलवार से सर्वे का कार्य शुरू हो गया। दिल्ली और पटना से पहुंची तीन सदस्यीय टीम ने पताही हवाई अड्डा पहुंचकर निरीक्षण किया। टीम में वरिष्ठ जीआइएस विशलेष रविंद्र सिंह, जीआइएस विशलेषक नीरज सिंह और एसोसिएट कंसल्टेंट टीम लीडर आरआर शर्मा शामिल हैं। टीम लीडर के नेतृत्व में पूरे रनवे और मैदान का निरीक्षण किया गया। वहीं पूर्व में लगाए गए एरोड्रम रेफरेंस प्वाइंट की खोजबीन की। यह फ्लाइंग जोन को दशार्ता है। वहां पर एक इंडीकेटर लगा था, जो नहीं मिला। इससे हवा की दिशा का पता लगता है। काफी खोजबीन करने के बाद यह इंडीकेटर झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। इसे निकालकर वहां पर लगाया गया। एरोड्रम रेफरेंस प्वाइंट के कुछ हिस्से जीर्णशीर्ण अवस्था में बिखरे हुए मिले। इसकी तकनीकी जांच की जा रही है। टीम ने पूरब दिशा के चहारदीवारी से पश्चिम दिशा की ओर 45 मीटर और रनवे के उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर 75 मीटर पर नए सिरे से जगह चिह्नित कर रेफरेंस प्वाइंट के निर्माण का निर्देश सीओ ममता कुमारी को दिया।



## संपादक की कलम से

# सराजी अस्तित्व के लिए

बाढ़ की त्रासदी में फंसे हिमाचल में इस वक्त राहत की गलियां खोजी जा रही हैं। प्रदेश सरकार अपने संसाधनों के दायित्व में जुटी है, तो पिछली आपदा से गुजरे लम्हे फिर से सिसक उठे हैं। लांछन यह कि केंद्र बहुत देता है, मगर हकीकत यह कि पिछली राहत के तहत अनुमोदित 2006 करोड़ भी अभी जमीन पर खाली हाथ ही पहुंचे हैं। राहत राशि पर भी प्रदेश को अपने योगदान के पांच सौ करोड़ का इत्र छिडकना है, तो फिर कहानियों के समुद्र में जहाज चलाने के मायने क्या होंगे। खैर इन पैबंदों की लड़ाई में जख्म रिसते रहेंगे, तेरे आंगन में टूटे मेरे पांव चलते रहेंगे। कुछ क्षेत्र पूरे हुए भी तो इस कद्र कि निशानियां कब्र की हमारे घर तक पहुंच गई। बबार्दी की दास्तान को पढ़ा जा सकता है, लेकिन लिखने के लिए भविष्य की योजना चाहिए। आश्चर्य यह कि आपदाओं ने बता दिया कि हमारे जीने के विकल्प और क्या हो सकते हैं। उदाहरण के लिए पिछली सरकार ने जिस रोपवे मार्ग से सराज घाटी को जोड़ा था, आज वही त्रासदी के बीच पूरी घाटी के लिए राहत का मरहम बना है। इसी दौरान बिजली महादेव को रज्जु मार्ग से जोडे का विद्रोह फिर गूंज उठा। हैरानी यह कि अब बादलों से जमीन को बचाने की जरूरत है, तो चलने के रास्ते या जुडे के वास्ते रज्जु मार्ग अपनाने होंगे। देश परिवहन के लिए महत्त्वाकांक्षी योजनाओं पर कार्य कर रहा है, जिसके तहत दुर्गम व पहाड़ी इलाकों के लिए रोपवे, केबल बसों व फनिक्युलर रेलवे के विकल्प सुझाए जा रहे हैं। बहरहाल मंडी के थुनाग, जंजैहली व अन्य कुछ गांवों को हुए भारी नुकसान का जायजा बताता है कि कहीं हमारे विकास का मॉडल भी त्रुटिपूर्ण है। हम विकास की रफ्तार में अतीत और भविष्य के बीच संतुलन व सेतु बनाने में असफल हुए हैं। गांव का कस्बा और कस्बे का शहर बनने की महत्त्वाकांक्षा समझी जा सकती है, लेकिन इस सबके बीच टीसीपी की शहरी विकास योजनाओं की मिट्टी क्यों पलीद हुई। हिमाचल की जनता किसी भी अनुमति की अनिवार्यता या योजना के खिलाफ है। जिस थुनाग का बाजार साढ़े तीन सौ दुकानों का निर्माण स्थल हो गया, वहां भविष्य की योजना किसने बनानी थी। हैरानी तो यह कि हम ढंग से शिमला की विकास योजना भी आज तक बना नहीं सके हैं। अब समय आ गया है कि हम चिन्हित करें कि कहां बस्ती, कहां बाजार और कहां जल निकासी होगी। वक्त यह भी मांग करता है कि पूरे प्रदेश का पुनर्गठन किया जाए। इसके लिए ग्रामीण और शहरी जमीनों की पूलिंग आवश्यक हो जाती है। आज अगर हिमाचली नदियों के किनारे या पहाड़ खोदकर बसने को मजबूर हैं तो इसलिए कि राज्य ने भूमि का प्रबंधन, बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं किया। सरकार खुद भी अपनी इमारतों का निर्माण कमजोर या खतरनाक भूमि पर इसलिए कर रही है, क्योंकि सही जमीन या तो बांटी जा चुकी है या वन विभाग की मिलकीयत बन चुकी है। ऐसे में सरकार को कुछ शहरों के बीच उपग्रह शहर या फोरलेन परियोजनाओं के साथ आधा दर्जन निवेश शहर विकसित करने चाहिएं। हिमाचल में नौतोड़ भूमि आबंटन तथा मुजारा कानून ने जमीन की क्षमता को न तो कृषि योग्य बनाया और न ही इसके सार्वजनिक चरित्र को सशक्त किया। ऐसे में बची खुची जमीन की पूलिंग करके इसकी अदला–बदली वन भूमि से भी होनी चाहिए। इससे भू–राजस्व के रिकार्ड बेहतर, जनता की मिलकीयत सुरक्षित तथा वन भूमि के पड़ाव में सुरक्षित आसरा मिलेगा। सराज में फौरी राहत के बाद पुनर्वास की एक विकास योजना, टीसीपी कानून के तहत बननी चाहिए, ताकि उचित मानदंडों के हिसाब से परिवेश से मैत्रीपूर्ण तथा सीमित विकास सुनिश्चित किया जा सके। पूरे प्रदेश को टीसीपी कानून के तहत लाकर कृषि, बागबानी, गांव, शहर, बस्ती और बाजार तक की विकास योजनाएं बनानी होंगी। बाढ़ से बचना है, तो हर हिमाचली को विकास नक्शों और आवश्यक करों के तहत आना ही पड़ेगा।



ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

### गुरु का मार्गदर्शन

कविता



गुरु कथन है श्री मद्भागवत गीता के ज्ञान सा,
विचलित मन को जो बॉधे मजबूत बॉध सा,
ज्ञान वो पतवार भव से पार लगाती नाव सा,
जीवन संघर्षों में आस के दिव्य प्रकाश सा ।

गुरु बन श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया,
मन को विचारों के आवागमन से मुक्त किया,
जीवन रहस्य को गीता में पूर्ण समाहित किया,
मुश्किलों में विवेकशील हो पथ चुनने को दिया ।

कहॉ से आया हैं जीव, क्या हैं जन्म प्रयोजन,
कैसे परमतत्व से हो मिलन रिश्तों में प्रबन्धन,
संचित कर्म भार का कैसे हो शीघ्रता से दोहन,
पथ सरल होता जब संग होते ₹आनंद₹ गुरुजन ।

गुरु का मार्गदर्शन व अनुभव बढ़ाता है उजास,
संकटों में भी संकल्पित मन न खोता है आस,
होता सात्विक विचारों का प्रति पल ही निवास,
कड़ी वो बनती परमात्मा से मिलन की मिठास ।

जीवन की मुरझाई कलियॉ खिल जाती हैं,
जब गुरु कृपा ईश कृपा संग मिल जाती हैं,
अनसुलझे सवालों का उत्तर मिल जाता हैं,
जीवन को गतिशील हो ध्येय मिल जाता हैं ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 74वें जन्मदिवस - 10 जुलाई, 2025

# राजनाथ सिंह: रक्षा, राष्ट्रीयता और राजनीतिक कौशल के प्रतीक



ललित गर्ग

भारत के राजनीतिक आकाश पर जिन व्यक्तित्वों ने अपनी सादगी, दृढ़ता, राष्ट्रभक्ति और कर्मठता से अमिट छाप छोड़ी है, उनमें राजनाथ सिंह का नाम शीर्ष पर आता है। राजनाथ सिंह आज देश के रक्षा मंत्री के रूप में भारत की सुरक्षा नीति, सामरिक रणनीति और आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं। उनका राजनीतिक जीवन एक प्रेरणा की तरह है-जहां संघर्ष है, सिद्धांत हैं, और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उनकी लोकप्रियता एवं राजनीतिक कद यूं ही शिखरों पर आरुढ़ नहीं हुआ है, भारत के नवनिर्माण की उनकी प्रभावशाली शैली इसका कारण है। एक तरफ उन्होंने भारत की आजादी के अमृतकाल में रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता बल्कि निर्यातक की भूमिका निर्मित की है, वही दूसरी ओर स्वराज्य, नये भारत-विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाये हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में चीन के पोर्टे सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। राजनाथ सिंह जैसे साहसी, निर्भीक एवं कद्दावरी नेताओं के कारनामों को दुनिया देख रही है, भारत अब पुराने वाले भारत नहीं रहा, जिसे दबाया जा सकता है। यह नया भारत है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई करवटें ले रहा है। इसका नवनिर्माण हो रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत की विश्वसनीयता है, राजनाथ सिंह ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की दृष्टि से दुनिया में इस विश्वसनीयता को निर्मित किया है। भारत के रक्षा उत्पाद दुनियाभर में निर्यात हो रहे हैं, उनकी गुणवत्ता, प्रभावशीलता एवं पूर्णता में दुनिया का विश्वास बढ़ रहा है, जो एक क्रांतिकारी उपलब्धि है। ह्यमेक इन इंडियाह्न दुनिया में परचम फहरा रहा है, सफलता की नई कहानी लिख रहा है।

राजनाथ सिंह ने चीन और पाकिस्तान जैसे बाहरी खतरों के विरुद्ध रणनीतिक दृष्टिकोण ही नहीं अपनाया, बल्कि भारतीय रक्षा तंत्र को भी आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कार्य किए हैं। रक्षा उत्पादन नीति के अंतर्गत उन्होंने कई विदेशी उपकरणों की आयात पर रोक लगाई और 100 से अधिक रक्षा सामग्रियों को ह्यनिषिद्ध सूचीह्न में डालते हुए भारत में ही निर्माण को प्राथमिकता दी। ह्यमेक इन इंडियाह्न अभियान को बल देते हुए उन्होंने स्वदेशी फाइटर जेट तोप, और ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहित किया। देश के निजी उद्योगों को भी उन्होंने रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित किया और डीआरडीओ के साथ साझेदारी के नए मॉडल लागू किए। ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में उनकी दूरदृष्टि ने भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने का मार्ग दिया है। हाल ही में 2000 करोड़ के ड्रोन प्रोत्साहन पैकेज के अंतर्गत उन्होंने न केवल सैन्य उपयोग के लिए बल्कि कृषि, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों के लिए भी ड्रोन विकास को गति दी है।

पाकिस्तान के संदर्भ में उनका रुख अत्यंत स्पष्ट रहा है-ह्लबातचीत तब ही संभव है जब आतंकवाद बंद हो और पाकिस्तान अपने गुनाह स्वीकार करे ह्व उन्होंने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान से कोई संवाद होगा, तो वह केवल पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर होगा। यह उनके नेतृत्व की स्पष्टता, साहसिकता और रणनीतिक स्थिरता को दशार्ता है। राजनाथ सिंह ने भारत की सामरिक नीतियों को केवल आक्रामकता ही नहीं दी, बल्कि संतुलन भी प्रदान किया है। उनका कहना है, ह्लहम शांति के पक्षधर हैं, लेकिन यदि कोई हमें ललकारेगा, तो हम उसे जवाब देना जानते हैं ह्व यह भावना ही आज के भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित कर रही है। उनकी दूरदर्शिता और राष्ट्रप्रेम ने उन्हें देश के सर्वोच्च नेताओं की श्रेणी में स्थापित किया है। राजनाथ सिंह का व्यक्तित्व विनम्रता, नीतिपरक दृढ़ता और संतुलित संवाद का उदाहरण है। वे विरोधी विचारों का सम्मान करते हैं लेकिन राष्ट्रहित से समझौता नहीं करते। इसी विचारधारा को उन्होंने रक्षा मंत्री बनने के बाद अपनी कार्यशैली में उतारा। बीते वर्षों में भारत जिन आतंकी चुनौतियों का सामना कर रहा है, उसमें राजनाथ सिंह का रुख न केवल स्पष्ट रहा है बल्कि निर्णायक भी। कोई आंख तरेर कर तो देखें! पर ललकार की मुद्रा में वे कठोर जबाव देते हैं।

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार ने जिस तत्परता और आक्रामकता से ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न को अंजाम दिया, वह भारत की बदली हुई सैन्य सोच का प्रतीक है। राजनाथ सिंह ने चीन एवं पाक के दोगलेपन पर यह स्पष्ट किया कि ह्लशांति केवल एक भ्रम है, हमें हर पल युद्ध जैसी तैयारी में रहना होगा ह्व इस अभियान में भारतीय वायुसेना और नौसेना की संयुक्त कार्रवाई ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त कर यह संदेश दे दिया कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं, प्रति-प्रहार की नीति पर चलेगा। उन्होंने यह भी उजागर किया कि इस बार की कार्रवाई में स्वदेशी हथियारों और ड्रोनों की प्रमुख भूमिका रही, जो उनकी ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न रक्षा नीति की बड़ी सफलता है। जो नवनिर्माण की रफ्तार एवं नई कड़ी है। रक्षा मंत्री ने गर्व से बताया कि भारतीय सेना अब आयात पर निर्भर नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक से आतंकवाद को जवाब दे रही है। उनका मानना है कि सुरक्षा केवल सीमाओं की रक्षा नहीं है, बल्कि राष्ट्र के आत्मबल और तकनीकी सामर्थ्य को विकसित करना भी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के तकनीकी युग में, कंप्यूटर सूचना प्रौद्योगिकी, उपग्रह संचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग में प्रगति वैश्विक अर्थव्यवस्था को बदल रही है। भारत ने इन नवाचारों को अपनाते हुए गतिशील आर्थिक परिदृश्य का निर्माण किया है। रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह आधुनिक युद्धकला में तेज गति से बदलाव कर रहे हैं एवं रक्षा में करिश्मा दिखा रहे हैं। उन्होंने युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने के लिए रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) जैसी योजनाएं शुरू की हैं, जिसके माध्यम से उनके साथ-साथ देश के सपने भी साकार हो सकते हैं। भारत के पास विकास और सुरक्षा को लेकर एक विशिष्ट दृष्टिकोण है, जिसने रक्षा में आत्मनिर्भरता को एक प्रमुख राष्ट्रीय लक्ष्य बनाया है। राजनाथ सिंह के सफल नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है, जिसके दूरगामी प्रभाव होंगे।



राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से बदलते समय के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उच्च-स्तरीय तकनीकों पर नियंत्रण हासिल करने का आह्वान किया है, जिसका उद्देश्य उन्नत, अग्रणी और अत्याधुनिक नवाचार के क्षेत्र में भारत की स्थिति को और मजबूत करना है। भारत पहले कुछ कारणों से आधुनिक हथियारों और तकनीक के मामले में पीछे रह गया था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं दूरदर्शी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नये मंजिले-नये रास्तों की रफ्तार के साथ भारत अभूतपूर्व गति से रक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। सिंह ने रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई सोच एवं स्वदेशी उत्पाद को प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में देश में एक ऐसा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स तैयार हो रहा है, जो केवल भारत की जरूरतों को नहीं, बल्कि दुनिया में रक्षा निर्यात की संभावनाओं को भी मजबूत करेगा।

राजनाथ सिंह के पांच दशक के सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ाव के साथ हुई। छात्र राजनीति से लेकर मुख्यमंत्री, पार्टी अध्यक्ष, गृह मंत्री और फिर रक्षा मंत्री जैसे शीर्ष पदों तक पहुंचना उनके संगठनात्मक कौशल, राजनीतिक कर्मठता, प्रशासनिक नवाचार और वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनके 74वें जन्मदिवस पर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राजनाथ सिंह जैसे नेता ही भारत को एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सामर्थ्यवान राष्ट्र बनाने की दिशा में नेतृत्व दे रहे हैं। संस्कृति के अग्रदूत राजनाथ सिंह की दृष्टि में केवल वर्तमान नहीं, बल्कि भविष्य भी सन्निहित है। उनकी ईमानदारी, सादगी और राष्ट्रप्रेम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। यह जन्मदिवस केवल एक व्यक्ति का उत्सव नहीं, बल्कि भारत की रक्षा-संस्कृति, नीति और विचारधारा के सशक्त होने का प्रतीक है।

# ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है अनंतनाग शहर

अनंतनाग केवल एक शहर नहीं, बल्कि कश्मीर की आत्मा है। यह जगह प्रकृति, इतिहास, धर्म और संस्कृति का ऐसा संगम प्रस्तुत करती है जो हर यात्री के मन को छू जाता है। अगर आप कश्मीर की गहराई से पहचान करना चाहते हैं, तो अनंतनाग की यात्रा अवश्य करें – यह अनुभव आपको हमेशा के लिए याद रहेगा। जम्मू और कश्मीर के प्रमुख जिलों में से एक अनंतनाग (अल्लंल्ल३ल्लँ), अपनी ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। श्रीनगर से लगभग 53 किलोमीटर दक्षिण में स्थित यह क्षेत्र कश्मीर घाटी के सबसे पुराने बसे इलाकों में से एक माना जाता है। यहाँ का नाम ₹अनंतनाग₹ संस्कृत शब्दों अनंत (अर्थात अनंत या असीम) और नाग (अर्थात जलस्रोत या झरना) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है – ₹अनंत झरनों की भूमि₹।

1. **वेरीनागः** यह झेलम नदी का उद्गम स्थल है। मुगल शैली में बना यह स्थल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहाँ का बाग और झील सैलानियों को आकर्षित करती है।

2. **कोकरनागः** यह एक सुंदर बाग और झरनों का संगम है। यहाँ का पानी औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। परिवारों और पिकनिक के लिए यह आदर्श स्थान है।

3. **अछाबल गार्डनः** यह मुगल कालीन बाग अपनी सुंदर नहरों, झरनों और फूलों के लिए प्रसिद्ध है। इसे नूरजहाँ ने बनवाया था।

**धार्मिक स्थलः** अनंतनाग हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदायों के लिए धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**अमरनाथ गुफाः** यह विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थान अनंतनाग ज़िले के पहलगाम क्षेत्र में स्थित है। यहाँ हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यात्रा पर आते हैं।

**मार्तंड सूर्य मंदिरः** यह प्राचीन हिन्दू मंदिर है जो सूर्य भगवान को समर्पित है। इसकी स्थापत्य कला और वास्तुकला अद्भुत है।

**खीर भवानी मंदिर (तुलगाम)ः** यह एक प्रसिद्ध देवी मंदिर है जहाँ हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं।



1. **पहलगाम** : अनंतनाग ज़िले का सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन। यहाँ लिद्दर नदी, घुड़सवारी, ट्रेकिंग और गोल्फ कोर्स का आनंद लिया जा सकता है।

2. **अरु वैली और बेटाब वैलीः** पहलगाम से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ये सुंदर घाटियाँ स्थित हैं, जहाँ फिल्म शूटिंग भी होती रही है। यहाँ की हरियाली, बर्फीली पहाड़ियाँ और शांत वातावरण सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

स्थानीय संस्कृति और भोजन

अनंतनाग की संस्कृति कश्मीरी परंपराओं से जुड़ी है। यहाँ के लोग गर्मजोशी से पर्यटकों का स्वागत करते हैं। खाने में कश्मीरी वजवान, रोगनजोश, यखनी, मोदुर पुलाव, और कहवा जरूर चखना चाहिए।

कैसे पहुँचे

हवाई मार्गः श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा निकटतम है।

रेल मार्गः अनंतनाग रेलवे स्टेशन से जम्मू और श्रीनगर के लिए ट्रेनें उपलब्ध हैं।

सड़क मार्गः श्रीनगर से अनंतनाग तक टैक्सी और बस सेवा उपलब्ध है। यात्रा में लगभग 1.5 घंटे लगते हैं।

यात्रा का उपयुक्त समय

मार्च से अक्टूबर का समय अनंतनाग घूमने के लिए सबसे उपयुक्त है। सर्दियों में बर्फबारी होती है, जो एक अलग अनुभव देती है, खासकर पहलगाम क्षेत्र में।

अनंतनाग केवल एक शहर नहीं, बल्कि कश्मीर की आत्मा है। यह जगह प्रकृति, इतिहास, धर्म और संस्कृति का ऐसा संगम प्रस्तुत करती है जो हर यात्री के मन को छू जाता है। अगर आप कश्मीर की गहराई से पहचान करना चाहते हैं, तो अनंतनाग की यात्रा अवश्य करें – यह अनुभव आपको हमेशा के लिए याद रहेगा।

# भाजपा संगठन मंत्री की माता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके छोटे भाई को शोक संवेदना पत्र सोपा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियो ने ग्राम हुरनगला पहुंच कर भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी की माता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके छोटे भाई यशपाल सिंह को शोक संवेदना पत्र सोप सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर संदीप शर्मा, अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, महेश सिंह प्रधानाचार्य, संजय वर्मा, हेमंत कुमार एड, मास्टर अनिल बंधु, डॉ बालेश बिश्नोई गर्वित चौधरी, संजय अग्रवाल, इंद्रेश गंगवार, आदि मंगलवार की सुबह को ग्राम हुरनगला भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी के आवास पहुंचे जहां उन्होंने उनकी माता भाग्यवती को पुष्पांजलि अर्पित की ओर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। तथा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी के छोटे भाई यशपाल सिंह सैनी को एक शोक संवेदना पत्र सोपा।

जिसमें लिखा श्रीमान धर्म पाल सैनी की माता भाग्यवती के गोलोक वासी होने का समाचार मिला हृदय को अत्यंत कष्ट हुआ। मां परिवार समाज एवं संस्कारों से बंधे रहती है मां का स्थान इस संसार में कोई नहीं ले सकता। क्योंकि मा ने हीं सामाज में हमें स्थापित किया है। और यह कार्य आपकी माता जी ने बाखूबी निभाया है जिन्होंने आप जैसे मां भारती की सेवा करने वाले पुत्र को जन्म दिया जो आपके संस्कारों में दिखाई देता है।



# स्काउट भवन में आयोजित स्वागत समारोह



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** स्काउट भवन में आयोजित स्वागत समारोह में संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने पदाधिकारियों सहित बुके देकर स्वागत किया।

इस मौके पर महेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि किसी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इन दिनों वह बरेली व मुरादाबाद मंडल में घूम कर शिक्षकों की समस्याओं से रू ब रू हो रहें हैं और संबंधित अधिकारियों से मिलकर यथा संभव उनका निराकरण करा रहे हैं। उन्होने कहा कि संगठन के पदाधिकारी शिक्षकों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराये। कहीं भी लंबित समस्याएं संगठन के लिए चिंता और चिंतन का विषय हैं। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने जिले की लंबित समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। इस मौके पर संरक्षक ओम प्रकाश ने संगठन के इतिहास के बारे में बताया और कहा कि हमने अब तक जो पाया हैं वह सब संगठन के संघर्ष के बल पर ही पाया हैं। इसलिए शिक्षक संघर्ष को हमेशा तैयार रहे। इस मौके पर डा. सुरेश रस्तोगी, बलराम सिंह, मुनीश चन्द्र शर्मा, पीयूष श्रीवास्तव, श्याम बाबू शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, जीतू कुमार आदि मौजूद थे।

# जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था खराब मिली तो सीधे कार्यवाही होगी सीएमएस डा. डीके वर्मा

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** रामपुर जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था को लेकर काफी नाराज चल रहे हैं। उन्होने सफाई करने वाली कंपनी को कड़े शब्दों में निर्देश दिये हैं कि यदि जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था खराब मिली तो सीधे कार्यवाही होगी और कंपनी का टेंडर निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। बताते चले कि पिछले दिनों सीडीओ नंदकिशोर कलाल ने रामपुर के जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था जिसमें डायलेसिस विभाग के पास गंदगी मिली थी जिसको देखकर सीडीओ ने सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिये। सीडीओ की सख्ती के बाद सीएमएस भी अपने पुराने रूप में आ गये और आनन-फानन में पूरे जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। जहां सफाई व्यवस्था में चूक नजर आई उन्होने तुरन्त उसपर काम करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कराया। इसके अलावा सीएमएस ने सफाई कर्मियों को कड़े निर्देश दिये हैं कि यदि जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था दुरूस्त नहीं हुई तो सीधे ठोस कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सीएमएस ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिये गये हैं कि वह सफाई व्यवस्था का पूरा ख्याल रखे यदि गंदगी मिली तो कार्यवाही होगी। उन्होने बताया कि यदि सफाई व्यवस्था में कोई कोताही बरती गई तो सफाई कंपनी के खिलाफ टेंडर निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।



# अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुरः** गत वर्षो की भर्ती इस वर्ष भी 40 श्रद्धालुओं का जत्था 14वी वार अशोक चौधरी के नेतृत्व में अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ।

रवाना होने से पहले सभी श्रद्धालु थाना रोड पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर एकत्रित हुए वहां से पूजा अर्चना के पश्चात हर हर महादेव, जय बफार्नी बाबा आदि जय घोष व नारे लगाते हुए मेंन बाजार, शिव मंदिर चौक, रोडवेज, शहीद तिराहा होते हुए मंडी समिति पहुंचे श्रद्धालुओं का जगह-जगह जलपान व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

मंडी समिति से श्रद्धालुओं का जत्था बस में सवार होकर अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा में जाने वाले अशोक चौधरी, डॉ जिरेन्दर चौहान, पुष्पेंद्र शेखावत, नितिन चौधरी आदि श्रद्धालु रहे। श्रद्धालुओं को रवाना करने के लिए पूर्व मंत्री महावीर सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, हेमराज सिंह चौहान, जितेंद्र बेस, अनिल जुनेजा, जुगनू चौधरी, राजन कर्णवाल, चौधरी इसामपाल सिंह, वीर प्रकाश सिंह भुइयार, जितेन्द्र चौधरी, निपेंद्र चौधरी, योगेश शर्मा, चंद्रभान शर्मा, मुकुंद गुप्ता, सतीश कुमार, सभासद राजा शर्मा, कैलाश सिंह सहित संख्या में भक्त शामिल है सुरक्षा की दृष्टि से अमरनाथ यात्रा जत्थे के साथ कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहा।

# सीबीएसई यूपी बोर्ड टॉपर्स बच्चों को वीर खालसा सेवा समिति सम्मानित करेगी

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** सीबीएसई यूपी बोर्ड टॉपर्स बच्चों को सम्मानित करेगी वीर खालसा सेवा समिति वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह में आज कहा की हर साल की तरह इस बार भी 13 तारीख को टॉपर्स बच्चों को सम्मानित किया जाएगा इसकी तैयारी की जा चुकी है सभी स्कूलों के टॉपर्स बच्चे को सम्मानित करेगी वीर खालसा सेवा समिति अवतार सिंह ने कहा बच्चों का सम्मान करना उनका हौसला बढ़ाना है वीर खालसा सेवा समिति 20 साल से लगातार हर साल बच्चों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाती है 13 तारीख को भी टॉपर्स बच्चों को सम्मानित किया जाएगा जिसकी तैयारियां की जा रही है इस मौके पर सभी सदस्य गण मौजूद रहे।



# थाना गंज पुलिस द्वारा गुमशुदा को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** थाना गंज जनपद रामपुर पर आवेदिका निवासी ऊंची चौपाल बजरिया कद्दू थाना गंज जनपद रामपुर ने तहरीरी सूचना दी 22.06.2025 को आवेदिका का पुत्र (उम्र करीब 25 वर्ष) खोडा जनपद गोतमबुद्धनगर से घर आते समय गायब हो गया पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निदेशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक गंज द्वारा टीम गठित करते हुए गुमशुदा की तलाश हेतु रवाना किया गया था। जिनके द्वारा गहनता से प्रयास कर तकनीकी संसाधनो का प्रयोग करते हुए गुमशुदा वादिनी के पुत्र को बुराडी दिल्ली से सकुशल बरामद किया गया। गुमशुदा के परिजनों को बुलाकर उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा को पाकर परिजनो के चेहरे खिल उठे उक्त सराहनीय कार्य के लिए गुमशुदा के परिजनो द्वारा रामपुर पुलिस का आभार प्रकट किया गया। निश्चित ही रामपुर पुलिस की इस कार्यवाही से जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास सद्दढ हुआ है।




# रक्षा मंत्री के पुत्र एवं विधायक नंद किशोर गुर्जर का स्वागत



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** भारत सरकार मे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह व लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर का नूरपुर पहुँचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने शहीद परवीन सिंह तिराहे पर स्वागत किया इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल,. महामंत्री वीर प्रकाश सिंह भुइयार, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, भाजपा युवा नेता वरूण त्यागी, किसान मोर्चा अध्यक्ष गोहावर सुनीश चौधरी, नवनीत कुमार, नवीन कुमार आदी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रालोद के राष्ट्रीय संगठन माहमंत्री त्रिलोक त्यागी का किया स्वागत

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** रालोद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट के कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा गत 14 अप्रैल से आगामी 31 अक्टूबर तक संगठन द्वारा कार्यकर्ता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हर एक सक्रिय कार्यकर्ता को 20 सदस्य बनाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि रालोद संगठन उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य कई राज्यों में मजबूती से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए मजदूर बेरोजगार किसान नौजवान और व्यापारियों को साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने कहा कि हम इतनी मेहनत करेंगे की उत्तर प्रदेश में आर एल डी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी की मदद के बगैर सरकार नहीं बन पाएगी। इस दौरान बालोद के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजय सिंह एडवोकेट, सचिन चौधरी जिला अध्यक्ष अमरोहा, हनी चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष युवा, ओडी त्यागी, उमेश त्यागी मनोज वर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।




# प्रदेश सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को लाभ दिलाया जा रहा- श्रम मंत्री ठाकुर रघुराज सिंह

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** प्रदेश सरकार में श्रम मंत्री ठाकुर रघुराज सिंह ने कहां के भाजपा सबको साथ लेकर चल रही है उन्होंने उज्जैन और बहराइच में ताजिए को लेकर हुए विवाद ऑन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया व भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर लाइन पर इंडस्ट्री में इश्तियाक उर्फ बाबू के कास्ट कला कारखाने में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। श्रम मंत्री ठाकुर रघुराज सिंह ने कहा कि भाजपा भेदभाव रहित होकर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को लाभ दिलाया जा रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार या समाजवाद की राजनीति नहीं करती बल्कि राष्ट्र हित में कार्य करती है जो 135 करोड़ देशवासियों के सामने है उन्होंने उन्होंने कहा के भाजपा के सत्ता से सभी छोटे-बड़े राजनीतिक दल जो परिवार वाद और एक दूसरे की भावनाओं को भड़काने के दम पर राजनीति करते हैं ताकि वह पुलिस सत्ता में आ सके लेकिन अब सत्ता में आने का विपक्षीय दलों का एक सपना ही बनकर रह जाएगा। श्रम मंत्री रघुराज सिंह ने आगे कहा कि उज्जैन और बहराइच आदि में मोहर्रम के ताजिए निकलने को लेकर जो विवाद हुए हैं वह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से यह आग्रह किया था कि मोहर्रम के ताजिए 12 फीट से ऊंचे नहीं होने चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि उज्जैन और बहराइच के विवादों को लेकर समाजवादी के मुखिया पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अनाप-शनाप बयान बाजी कर प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयास किया लेकिन वह अपने मकसद में सफल नहीं हो सके और ना ही आगे को होंगे हो पाएंगे क्योंकि अब प्रदेश के लोग उनकी गलत राजनीति को समझ चुके हैं।



# मंडल महामंत्री के जन्मदिन पर आम खाओ सम्मेलन आम खिलाकर मनाया जन्मदिन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

भाजपा नेता अंकित राजपूत ने आज अपने पैतृक गांव पदारथपुर में अपने आम के बाग में भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल के महामंत्री कपिल राजपूत के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी कार्यकताओं को आमंत्रित किया उनका जन्मदिन मनाया साथ ही सबको मौसम के ताजे फल डटकर आम खिलाया इस अवसर पर भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें अपनी संस्कृति, पौधारोपण, बागवानी एवं पौधों को लगाने एवं पालने की प्रेरणा मिलती है उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा सुरक्षा में पेड़ों और बाग बगीचों का महत्वपूर्ण स्थान है हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन पालन करना चाहिए उन्होंने कहा कि जिस तरह से अंकित राजपूत के पूर्वजों ने इस आम के बाग को लगाया पाल पोस कर बड़ा किया जिसके हम जिसके फल खा रहे हैं इस तरह से हम भी अपनी आने वाली पीढियां के लिए पेड़ पौधे, बाग लगाए ताकि हमारे आने वाली वीडियो फल खाएं हमें याद करते रहें और इसी तरह बाग में आने वाली पीढियां के जन्मदिन, अन्य शुभ कार्यक्रम अपनें बाग बगीचों में मनायें सभी ने आम खाकर मंडल महामंत्री को जन्मदिन की बधाई दी और अंकित राजपूत का आभार प्रकट किया इस कार्यक्रम में अंकित राजपूत, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, जिला प्रतिनिधि अरविंद विश्वकर्मा, चौधरी ईशम सिंह, सभासद नगर पालिका परिषद नजीबाबाद इन्दू राजपूत, अतुल रोहिल्ला, राजन राजपूत, हिमांशु तायल, मोनू वर्मा, जाहिद हुसैन, सुमित गुर्जर, सचिन देशवाल, गोपीचंद, कपिल राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# स्कूल मर्जर के तहत बच्चों को दूसरे गांव ले जाने पर, भड़के अभिभावकों ने शिक्षकों को बनाया बंधक: घंटे बाद एबीएसए ने छुड़वाया

वेलकम इंडिया






**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव शकरपुर में स्कूल मर्जर के विरोध में अभिभावकों ने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को बंधक बना लिया। मंगलवार को शिक्षक गांव के स्कूल को शिफ्ट करने पहुंचे थे। तभी वहां 60 से अधिक अधिक संख्या में पहुंचे अभिभावकों और ग्रामीणों ने घेर उन्हें स्कूल में बंधक बना लिया। और पढ़ने - पढ़ाने की सामग्री को भी छीन लिया। और कहा बच्चे गांव के बाहर नहीं जाएंगे। चाहे कोई भी आला अधिकारी क्यों न आ जाए। हमारे गांव स्कूल है। तो दूसरे गांव से मर्ज क्यों किया जा रहा है। मामले की सूचना पर तुरन्त एबीएसए मौके पर पहुंचे। और करीब एक घंटे अभिभावकों व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद ग्रामीण माने। घंटों बंधक बने शिक्षकों को अभिभावकों ने बंधक से मुक्त किया। मामला ऊंचागांव ब्लॉक के गांव शकरपुर का है। थाना नरसेना क्षेत्र के अन्तर्गत ऊंचागांव प्राथमिक विद्यालय को पड़ोसी गांव....के प्राथमिक विद्यालय में मर्ज करने का आदेश दिया था। आदेश को देख मंगलवार की सुबह स्कूल के कुछ शिक्षक अंकित कुमार, और पिंकी कुमार, सहित विद्यालय पहुंचे थे। अभिभावकों सहित करीब 60 से अधिक संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें स्कूल में ही बंधक बनाकर उन्हें क्लासरूम में बंद कर दिया। और पढ़ने पढ़ाने की सामग्री भी छीन ली। इसके बाद सभी अभिभावक और ग्रामीण स्कूल के गेट पर शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्कूल मर्जर का विरोध करने लगे।

**पांच साल के बच्चे दो किलोमीटर दूर कैसे जाएंगे:** स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में स्कूल है तो मर्ज क्यों किया जा रहा है? और जिस स्कूल में शिफ्ट किया जा रहा है, वह यहां से दो किलोमीटर की दूरी पर है। अब पांच छह साल के बच्चे पढ़ने दो किलोमीटर कैसे जाएंगे? हमारे बच्चे यही पढ़ेंगे, चाहे कोई भी आला अधिकारी आ जाए फर्क नहीं पड़ता।

> विकासखंड ऊंचा गांव के गांव शकरपुर में शिक्षकों को बंधक बनाने की सूचना मिली है। मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी भेजे गए हैं और अभिभावक को समझने का प्रयास किया जा रहा है **–लक्ष्मीकांत पाण्डेय बीएसए बुलंदशहर**

**घंटे बाद एबीएसए ने शिक्षक कराए बंधकमुक्त:** अभिभावकों के विरोध करने की सूचना मिलने पर एबीएसए गोपाल त्यागी स्कूल में मौके पर पहुंचे। उन्होंने अभिभावकों को समझाया करीब एक घंटे तक वातार्लाप करने के बाद आश्वासन दिया कि गांव की आपत्ति शासन तक पहुंचाई जाएगी। इसके बाद मामला शांत कराया। और सहायक अध्यापक अंकित कुमार, शिक्षामित्र पिंकी कुमार को अभिभावकों के बंधक से मुक्त कराया। हालांकि शिक्षकों के साथ कोई मारपीट नहीं हुई।

**509 स्कूलों पर लटक रही मर्जर की तलवार:** बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया कि जिले में 1862 प्रथमिक विद्यालय हैं। जिनमें से 509 विद्यालयों छात्र छात्राओं की संख्या 50 से कम है। ऐसे विद्यालयों को मर्ज कर मॉर्डन सुविधाओं से भरपूर विद्यालय बनाए जा रहे हैं। और अब तक 145 विद्यालयों का मर्जर हो चुका है।

# अवैध घोषित किला खाई में कनेक्शन देने पर बिजली विभाग पर बजरंग दल के पदाधिकारी, जाम लगाकर जताया गहरा आक्रोश

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** श्री दाऊजी महाराज मंदिर स्थित किला खाई जो कि पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है और जिसके निर्माण को उच्च न्यायालय द्वारा अवैध घोषित किया गया है और खाली कराने के आदेश शासन-प्रशासन को दे रखे है वहां पर अवैध निमार्णों पर बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन दिए जाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा नयागंज चौराहे पर जाम लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद या बजरंग दल के पदाधिकारियों के अनुसार बिजली विभाग बिजली का कनेक्शन देने के लिए जहां सारी पत्रावलियों का अवलोकन करता है, जिसमें मकान मालिक या किराएदारी के कागज आदि देखता है। पूर्ण संतुष्टि के बाद कनेक्शन देता है लेकिन इसमें आंख बंद करके कनेक्शन दिया जा रहा है जो कि पूर्ण रूप से गलत है। बजरंग दल ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यह कार्य नहीं रुका तो यह प्रदर्शन उग्र आंदोलन का रूप लेगा। जिस पर थाना कोतवाली हाथरस के थाना अध्यक्ष गिरीश चंद्र गौतम ने प्रदर्शन स्थल पर आकर प्रदर्शन समाप्त करने का आग्रह करते हुए अवगत कराया कि कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया गया है। आगे आधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा, कैलाश कूलवाला बजरंग दल विभाग सहसंयोजक हर्षित गोड़ विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष संजय गर्ग नगर उपाध्यक्ष राहुल सिंह नगर मंत्री अनमोल अग्निहोत्री नगर सेवा प्रमुख दीपक अग्रवाल नगर समरसता प्रमुख सुरेश अग्रवाल नगर मंत्री अनमोल अग्निहोत्री नगर सह मंत्री विजय गुप्ता बजरंग दल नगर संयोजक किशन भारती, सह नगर संयोजक, लक्ष्मण, तरुण, कृष्णा नगर गौ रक्षा प्रमुख नवीन, आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# आशीष गोस्वामी का रक्तदान में जुनून, 37 साल की उम्र में 56वीं बार में 2वर्षीय बच्चे को किया रक्तदान, बचाई जान

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** रक्त बनाया नहीं जा सकता। यह दान से ही मिलना संभव है। रक्तदान से हम किसी को सीधे जीवनदान देते हैं। इसलिए इसे महादान कहा जाता है। यह कहना एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वाष्णेय का है। क्योंकि वह भी खुद कई साल से रक्तदान कर रहे हैं। उनकी ही यह मुहिम लोगों को प्रभावित करती है। जिससे रक्तदाता किसी की जान बचाने के लिए रक्तदान करते हैं। प्रवीण वाष्णेय की ही पहल पर हाथरस जिले में कस्बा मैंडू के निवासी आशीष गोस्वामी पत्रकार को दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान करने का जुनून है। एक फोन पर हाज़िर हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला आज मंगलवार को देखने को मिला है।

इन्होंने एक 2 वर्षीय वंश पुत्र बनी सिंह निवासी निजामतपुर हसायन जो बुखार से पीड़ित था। इस बच्चे को ए पाजेटिव ब्लड की जरूरत का अभाव था। बच्चे के परिवार के लोग रक्त की तलाश में भटक रहे थे। यह जानकारी जब आशीष को हुई तो उन्होंने बिना देर किये ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान किया और उस बच्ची की जिंदगी बचाने का काम किया है। बच्ची के परिवार को लोग आशीष को दुआ दे रहे थे। आशीष ने बताया कि वह यह रक्तदान करीब 37 साल की उम्र में 56 वीं बार किया है। वे यह बताते हैं कि वह खुद रक्तदान करने के साथ ही लोगों रक्त दान के लिए भी प्रेरित करते हैं।

# शिक्षा से जोड़ने के लिए निःशुल्क शिक्षा हेतु 'स्कूल चलो अभियान' रैली निकाली गयी

वेलकम इंडिया



प्रयागराज में उच्च प्राथमिक विद्यालय पी0ए0सी0 नैनी नगर क्षेत्र प्रयागराज के तत्वाधान में शिक्षा की अलख जगाने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय में अधिक से अधिक गरीब, असहाय, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को शिक्षा से जोड़ने के लिए निःशुल्क शिक्षा हेतुस्कूल चलो अभियान रैली निकाली गयी। इस स्कूल चलो अभियान रैली के कार्यक्रम संयोजक मुहम्मद रिजवान ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय पुनः खुलने पर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं स्कूल चलो अभियान द्वितीय चरण (01 जुलाई से 15 जुलाई तक) के संचालन के सम्बन्ध में शिक्षा महानिदेशक बेसिक शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ, निदेशक बेसिक शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के विस्तृत निर्देश के तत्क्रम विद्यालय स्तर पर स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन के उद्देश्य से आज उच्च प्राथमिक विद्यालय पी0ए0सी0 नैनी के छात्र-छात्राओं द्वारास्कूल चलो अभियान रैली निकाली गयी। इस स्कूल चलो अभियान रैली का संचालन राशिद महमूद प्रधानाध्यापक, अध्यापकगण मुहम्मद रिजवान, मनमोहन लाल रजक, इन्द्र नारायण पाण्डेय, नासिर हुसैन व अध्यापिकागण श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती सुषमा कनौजिया द्वारा किया गया। यह रैली विद्यालय परिक्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों चक भटाई, लेबर कालोनी, दीप लाल चौराहा आदि स्थानों पर भ्रमण किया। छात्र-छात्राऐं हाथों में स्लोगन की तख्तियाँ लिए सब पढ़े सब बढ़े। मेहनत करो या मजदूरी, पढ़ना लिखना बहुत जरूरी। हर कोने से बच्चों को लेकर आओं, शिक्षा की रोशनी फैलाओं। शिक्षा से भी रोशनी आये, हर घर में उजियारा छाए। इस भव्य अवसर पर राशिद महमूद प्र0अ0, रविन्द्र केशरवानी, मुहम्मद रिजवान, मनमोहन लाल रजक, इन्द्र नारायण पाण्डेय, नासिर हुसैन, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती मोनिका तिवारी, श्रीमती सुषमा कनौजिया आदि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं अभिभावकगण आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने पथवारी मंदिर से चोरी के एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनांक 7 जुलाई को योगेश कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी नवीपुर खुर्द थाना कोतवाली नगर द्वारा थाना हाथरस नगर पर सूचना दी कि मोटरसाइकिल अपने घर के पास पथवारी मंदिर नवीपुर कला पर खडी की थी। जिसे किसी अज्ञात वाहन चोरो द्वारा चोरी कर ली गयी है। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना का सफल अनावरण करने व घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर को निर्देशित किया गया थो जिसके क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक चोर को डाक खाने वाली गली मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से हीरो एच एफ डिलेक्स मोटर साइकिल बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्त विशाल पुत्र पप्पन निवासी नवीपुर कला थाना कोतवाली नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# 25 हजार का इनामी टॉप 10 अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। एसओजी, थाना लोटन और थाना मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी। गिरफ्तार अपराधी की पहचान सिराजुद्दीन उर्फ बबलू के रूप में हुई है। वह वर्डपुर गोसाईगंज, थाना मोहाना का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में सिराजुद्दीन ने बताया कि वह एक गैंग का हिस्सा है। यह गैंग सिद्धार्थनगर और आसपास के जिलों में चोरी और लूट की वारदातें करता है। लूट का माल गैंग के सदस्य आपस में बराबर बांट लेते हैं। सिराजुद्दीन छात्र जीवन से ही अपराध में सक्रिय है। वह सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बस्ती और नेपाल में कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। कई थानों में वांछित है और कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी है। न्यायालय से धारा 82 की कार्रवाई भी हो चुकी है। गिरफ्तारी के समय वह नेपाल भागने की फिराक में था।

# चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवरात उड़ाए

असदुल्लाह सिद्दीकी

**त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक माह के भीतर हटवा गांव में यह दूसरी बड़ी वारदात सामने आई है। इससे पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चोरों ने सोमवार की रात हटवा गांव निवासी रामदीन गुप्त के घर को निशाना बनाया और छत के रास्ते घुस कर छह हजार रुपये नगदी समेत लाखों के जेवरात उड़ा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पीड़ित रामदीन गुप्त ने बताया कि सोमवार की रात भोजन करने के बाद वह व उनकी पत्नी घर के बाहर सो रहे थे। जबकि पुत्रवधू घर के अंदर सोई हुई थी। मंगलवार की सुबह जब नींद से जगे तो कमरे में रखा कपाट टूटा हुआ मिला और सामान बिखरा पड़ा था। घर में जाने पर पता चला कि आलमारी से नगदी और जेवरात गायब हैं। रामदीन ने बताया कि दरवाजा अंदर से बंद था ऐसी स्थिति में चोर खिड़की के रास्ते छत पर गया और छत से अंदर गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विपिन सिंह राठौर ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। हटवा गांव में एक माह में दूसरी बड़ी चोरी त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हटवा गांव में चोरी की घटनाएं लगातार पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई हैं। बीते एक महीने में गांव में दूसरी बार बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। दोनों घटनाओं में चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर नगदी और लाखों के जेवरात पर हाथ साफ किया है।

# प्रेरणा समिति हरियाणा पौधारोपण के साथ साइकिल की सवारी को देती है प्रोत्साहन

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और साइकिल की सवारी को प्रोत्साहित करने के लिए गठित प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा आज निरंतर पिपली सड़क पुलिस लाइन के बाहर पीपल के 7 पौधे रोपित किए। इससे पूर्व प्रेरणा समिति हरियाणा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कार्यकारी सदस्य कर्म चंद और डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने साइकिल यात्रा निकाली। पौधारोपण अभियान में प्रेरणा समिति हरियाणा की जिला प्रधान राजकुमारी पंवार दल बल के साथ पहुंची हुई थी। समाजसेवी और प्रेरणा समिति के कार्यकारी सदस्य नरेश सैनी विशेष रूप से पहुंचे और पौधारोपण में सहभागिता की। प्रेरणा समिति हरियाणा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने गड्ढे तैयार किए। नरेश सैनी, डॉ. अशोक कुमार वर्मा और कर्म चंद ने रोपित किये पौधों को जल देकर सींचा जबकि डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने रोपित किये पौधों को व्यवस्थित किया। जिला प्रधान राजकुमारी पंवार ने कहा कि पौधे मनुष्य के जीवन दाता हैं इसीलिए वेद शास्त्रों में इनकी पूजा का विधान है। डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि वे सदा उनकी देखभाल करते रहेंगे। कर्म चंद ने कहा कि वर्षा ऋतु में पौधे खिल जाते हैं जो एक मनोरम दृश्य होता है। नरेश सैनी ने कहा कि पौधे सबको प्राणवायु देने का कार्य करते हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वे अपने वचन पर अडिग हैं और उनके पास कोई ईंधन चलित वाहन नहीं है. वे सदा साइकिल पर चलते है।

# सीताराम हास्पिटल में 'मीट एंड ग्रीट' का आयोजन, यादें हुई ताजा

वेलकम इंडिया



**संदीप तिवारी मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद में हाईवे किनारे स्थित सीताराम हास्पिटल पर मंगलवार की सांयकाल आयोजित 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम में 'कालेज फ्रेंड्स ग्रुप' के सभी मित्रगण जुटे।पुरातन छात्रों ने कालेज लाइफ की पुरानी यादें ताजा कर जमकर ठहाके लगाएं।

जनता इंटरमीडिएट कालेज, खोचवां में वर्ष 1995 में पढ़ने वाले मित्रों द्वारा ग्रुप बनाया गया हैं।ग्रुप के सभी पुरातन साथी समय-समय पर जन्मदिवस, होली मिलन समेत अन्य आयोजन करते रहते हैं।इसी क्रम में यह आयोजन हुआ। आयोजक सीताराम हास्पिटल के प्रबंध निदेशक डा.शैलेन्द्र चतुवेर्दी (अनिल चौबे) ने सभी पुरातन मित्रों का स्वागत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त फौजी प्रदीप सिंह व संजय मौर्या, दंत चिकित्सक डा.एम.मुस्तफा, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू', बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी राजन सिंह, ईंट-भट्ठा कारोबारी लालप्रताप उर्फ बबलू सिंह, आर्टिटेक दीनदयाल विश्वकर्मा, सौरभ इंटरप्राइजेज (खजुरी) के सभाजीत यादव, विजय सिंह (तूफानी), शिक्षक दिनेश सिंह (बाबा), अनिल सिंह, गोपालदत्त शर्मा, हितेंद्र पटेल, डा.अखिलेश सिंह, डा.आशुतोष उपाध्याय समेत अन्य मौजूद रहे।

# सिंभावली पुलिस का लंगड़ा ऑपरेशन जारी, 20000 के इनामी बदमाश सहित आधा दर्जन बदमाशों को कर चुकी है लंगड़ा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ बदमाशों पर पड़ रहे भारी। 20000 के इनामी बदमाश सहित आधा दर्जन शातिर बदमाश लुटेरों को लंगड़ा कर पहुंचा चुके हैं सलाखों के पीछे। गौरतलब रहे कि डीआईजी कला निधि नैथानी परिक्षेत्र मेरठ रेंज के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में की गई। अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस को अपराधियों पर कमर तोड़ कार्यवाही करने को लेकर दिए गए निदेर्शों का होता दिखाई दे रहा असर।

इसीक्रम में हापुड़ एसपी ज्ञानंजय सिंह,की पुलिस अपने सख्त अंदाज में अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए नजर आ रही है। और लंगड़ा ऑपरेशन'के तहत जिले में गुंडों और बदमाशों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। जिसके चलते सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर अपनी पुलिस टीम के साथ 20 हजार के इनामी बदमाश गुल्लू सहित आधा दर्जन बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान लंगड़ा करने में शोहरत हासिल कर चुके हैं। जिसको लेकर अपराधियों में अफरा तफरी मची हुई है।आपको बता दें कि अपराधियों के खिलाफ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह,की पुलिस का एक्शन नानस्टॉप जारी है। जिसका उदाहरण थाना सिंभावली क्षेत्र में देर रात्रि बढढा नहर पटरी पर देखने को मिला है। जिसमें सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने अपनी पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में 20, हजार के इनामी बदमाश गुल्लू पुत्र आसू उर्फ आस मौहम्मद को पैर में गोली लगने पर घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है।घायल बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा मय ज़िंदा व खोखा कारतूस एवं हीरो डिलक्स बाइक बरामद हुई हैं। गुल्लू शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके के खिलाफ गोकशी ,आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट व गैंगस्टर एक्ट, आदि से संबंधित विभिन्न धाराओं में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।जो कि थाना, सिंभावली के गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे काफी समय से फरार चल रहा था !गिरफ्तार घायल बदमाश ने पूछ-ताछ में अपना नाम गुल्लू पुत्र आसू उर्फ आस मौहम्मद निवासी ग्राम शेरपुर खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बताया है।

# खेलो इंडिया सेंटर को हराकर अनवर हॉकी सोसायटी रेड बनी विजेता

**विजय द्विवेदी**



खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार और जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में खेली गई एक दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता में दिन का पहला मुकाबला आत्रेय अकादमी और अनवर सोसाइटी ब्ल्यू के बीच खेला गया जिसमें आत्रेय अकादमी के 01 के मुकाबले अनवर हॉकी सोसायटी ब्ल्यू ने 02 गोल दागकर विजय प्राप्त की, दिन का दूसरा मुकाबला जिला हॉकी संघ और वनवारपुर की टीमों के मध्य गया जिसमें वनवारपुर ने 02 और जिला हॉकी संघ ने 05 गोल दागकर विजय प्राप्त की ,पहला सेमी फाइनल मुकाबला अनवर हॉकी सोसायटी ब्ल्यू और खेलो इंडिया सेंटर की बीच खेला गया मुकाबला जिसमें खेलो इंडिया ने 02 गोल दागे जबकि अनवर सोसाइटी ब्ल्यू के खिलाड़ी गोल करने में असफल रहे ,प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल मुकाबला अनवर हॉकी सोसायटी रेड और जिला हॉकी संघ के बीच खेला गया,जिसमें अनवर हॉकी सोसायटी रेड ने जिला हॉकी संघ को 04/03 से हराकर मुकाबले को अपने नाम किया , प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अनवर हॉकी सोसायटी रेड और खेलो इंडिया के बीच खेला गया जिसमें खेलो इंडिया को हराकर अनवर हॉकी सोसायटी रेड ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया,प्रतियोगिता सफल बनाने ने निर्णायक के रूप में आशुतोष कुमार सिंह,खुर्शीद अली, मोहम्मद जसीम,पप्पू रमेश जानी,मोहम्मद सैफ,मोहम्मद रुस्तम,अलाउद्दीन रहे समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ओम राणा और राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी ने संयुक्त रूप से विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया ,प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मोहम्मद अयान को जिला हॉकी के सचिव आजम अली की तरफ से चमचमाती ट्रॉफी से सम्मानित किया,कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया इस मौके पर वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी विनीत मिश्रा और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला मौजूद रहे अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए सभी अतिथियों और निर्णायकों का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मुकुट मुखारविंद के गर्भगृह में की सफाई


**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मानसी गंगा मंदिर के आस पास परिक्रमार्थियों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं से वार्ता की।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों के साथ विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला 2025 के दृष्टिगत पावन मानसी गंगा मंदिर, श्री दानघाटी मंदिर तथा परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी ने परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों से वार्ता की। जिलाधिकारी ने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में श्रद्धालुओं से फीडबैक लिया तथा सभी को पवित्र मुड़िया पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला 2025 के अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने पावन मानसी गंगा मंदिर में साफ-सफाई और सेवा भाव अर्पित किया। जिलाधिकारी ने स्वयं मानसी गंगा मंदिर में कूड़ा उठाया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विभिन्न ड्यूटी प्वाइंटों को चेक किया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जगह जगह पर स्थापित स्वास्थ्य शिविरों, भंडारों, दुकानों आदि का अवलोकन किया।



# बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में डिवाइडर से टकराकर पलटी तेज रफ्तार कार,दो युवकों की मौत,दो घायल



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के बाईपास पर मंगलवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकराकर पलट गई, जिससे कार सवार युवकों की मौत हो गई।पुलिस ने मौके पर पहुंच शवों को पीएम को भेज क्षतिग्रस्त कार को हटवाकर ट्रेफिक सुचारू किया।जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी शोएब, फैज, साहिल, अली व हर्षित गुप्ता मंगलवार को नैनीताल घूमनकर रात में वापस घर लौट रहे थे।जैसे ही कार बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बछलौता फ्लाईओवर पर पहुंची, तोकार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद कार पलट गई।जिससे के शोएब और फैज की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि साहिल, अली व हर्षित गुप्ता घायल हो गए।थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाकर शवों को पीएम को भेज दिया।

# परशुराम शोभा यात्रा समिति द्वारा स्वामी घाट पर महर्षि वेदव्यास की जयंती का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति द्वारा ऐतिहासिक स्वामी घाट पर महर्षि वेदव्यास की जयंती का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा एवं बंशीधर शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य दीप प्रज्जवलित कर पूजन किया एवं सभी पदाधिकारी द्वारा पूजन किया गया।पूजन के पश्चात आयोजित बैठक में महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित चार वेदों के बारे में लोगों ने अपनी-अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर अखिलेश गौड़, राकेश गौड़, अर्जुन पंडित, आशीष शर्मा, सुनील शर्मा आदि ने अपने विचार प्रकट किये।संस्था के अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का जन-जन विश्व में नाम हो रहा है इस तरह हम महर्षि वेदव्यास का जन जागरण पूरे विश्व में करेंगे, जग-जग मंदिर की स्थापना होगी।जिसकी शुरूआत स्वामी घाट पर भव्य मंदिर बनाया जाएगा बंसीलाल शर्मा ने बताया महर्षि वेदव्यास में स्वामी घाट पर तपस्या की थी, जिसका उल्लेखीय पुराणों में मिलता है। इस अवसरपर साधु सेवा की गई। कार्यक्रम में विप्र जनों में विशेषरूप से प्रेमिका बिहारी शास्त्री, ललित स्वामी, राजेश शर्मा, राजीव दीक्षित, गजेंद्रशर्मा, फंक्शन क नीरज वशिष्ठ, विनोद गौड़ आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पंचायत चुनाव की तैयारी मे लग जाये बसपा कार्यकर्ता : दिनेशचन्द्रने गौतम

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**डुमरियागंज/ सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर में बहुजन समाज पार्टी द्वारा मंगलवार को ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बसपा के पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा बहुजन समाज पार्टी मजबूती से पंचायत चुनाव लड़ेंगी कार्यकर्ता पूरी ताकत से गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें पंचायत चुनाव सेमीफाइनल है। वहीं चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने चौपाल के दौरान कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है कानून नाम की कोई चीज नहीं है हत्या बलात्कार आम बात हो गई है बेरोजगारी चर्म पर हैं शिक्षा प्रदान करने की जगह विद्यालय बन्द किया जा रहा है इन सब से छुटकारा पाने के लिए समतामूलक समाज की संस्थापना करने वाली बसपा सरकार जरूरी है।चौपाल को सम्बोधित करते पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि बसपा सरकार में अपराधियों को प्रदेश छोड़ कर चले गए थे बहन कु मायावती ने अपने ट्विटर अकाउंट पर कहा कि बसपा सरकार बनने पर हर घर में एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया है भाजपा सरकार में दलितों पिछड़ों और खास कर मुसलमानो को शिक्षा से दूर करना चाहती है भाजपा सरकार सर्व समाज आशा भरी निगाहों से बहन जी की तरफ देख रहा है आने वाला दिन में बसपा सरकार बनना तय है इस दौरान बसपा विधानसभा प्रभारी इन्द्रजीत गौतम ने कहा कि कार्यकर्ता साथी दिन रात मेहनत से काम करे पंचायत चुनाव की तैयारी में लग जायें।इस दौरान बसपा नेता पूर्व जिला प्रभारी विजयपाल कन्नौजिया पूर्व जिला पंचायत प्रतेयाशी विनोद कुमार राव श्री राम बाबू अशोक कुमार बौद्ध मोहम्मद कैफ प्रिंस कुमार अंबेडकर शीश कुमार बौद्धाचार्य अमित कुमार गौतम राजेन्द्र प्रसाद गंगा राम जलनधर रमेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# मलकपुर में राशन डीलर की दुकान की जांच करने पहुंची एसडीएम

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर में सरकारी राशन की कालाबाजारी के मामले में एसडीएम व तहसीलदार टीम सहित जांच करने के लिए पहुंचे इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर में ग्राम प्रधान आरिफ जंग व ग्रामीणों ने गत दिवस सोमवार को चावल से भरे रेहड़े को फतेहपुर पुलिया के समीप पकड़कर हंगामा करते हुए आरोप लगाया था कि राशन डीलर सोहन ने अपने सहयोगी नासिर के साथ मिलकर घटतोली करते हुए सरकारी राशन की कालाबाजारी की है। मौके पर तहसीलदार और खाद्य निरीक्षक पहुंचे थे और चावल से भरे रेहड़े को कब्जे में लेते हुए चालक को पकड़ लिया था। आरोपी रेहड़े चालक ने बताया था कि उसने राशन डीलर के सहयोगी नासिर के यहां से राशन खरीदा है और पूर्व में भी कई बार राशन खरीद चुका है।जब अधिकारी राशन डीलर की दुकान पर जांच करने के लिए पहुंचे थे तो मारपीट हो गई थी और जांच पूरी नहीं हो सकी थी। मंगलवार को एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज तहसीलदार अर्जुन चौहान राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के साथ गांव मलकपुर में राशन डीलर सोहन के सहयोगी नासिर के आवास पर पहुंचे ।और सरकारी राशन (स्टॉक) की बारीकी से जांच पड़ताल की सरकारी राशन की जांच करने के बाद एसडीएम टीम सहित लौट गई।एसडीएम निधि भारद्वाज का कहना है कि मारपीट होने के कारण जांच पूर्ण नहीं हुई थी, गहनता के साथ जांच की गई है डीलर का स्टॉक ऑनलाइन भी चेक किया जाएगा क्योंकि डीलर के पास पिछले महीने का भी माल बचा हुआ था । इसके उपरांत पता चल पाएगा कि सरकारी राशन कितना कम है उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया चुनाव कंट्रोल रूम व पंचस्थानि कार्यालय का औचक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर**,जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार को विकास भवन स्थित पंचायत चुनाव के लिए स्थापित कंट्रोल रूम व पंचस्थानि कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम प्रभारी को तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टवार लगाते हुए प्रत्येक दिन आने वाली फोन कॉल को पंजिका में अंकन करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम में प्रत्येक दिन आने वाली शिकायतों का तुरंत अंकन करने के साथ ही सम्बंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में गलती क्षम्य नही होती है, इसलिए जो दायित्व दिए गए है उसका जिम्मेदारी से निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने पंचस्थानि चुनावालय कार्यालय का निरीक्षण किया। मतदान पार्टियों के लिए विकासखंडों को भेजे जाने वाले लेखन सामाग्रियों के बस्तों की भी जानकारी ली तथा तथा चेकलिस्ट के आधार पर बस्ते में सभी लेखन सामाग्रियों को विकासखंडों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रेम प्रकाश, नोडल कंट्रोल रूम आशीष शर्मा सहित सूचना अधिकारी क्षितिज वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# भीषण गर्मी मे दस दिनो से लो वोल्टज से ग्रामीण तो किसान भी कैसे करे सिचाई

**प्रतापगढ़** ।लालगन्ज उप विधुत सब स्टेशन के कयी गाव ग्रामीण और किसान लो वोल्टेज से बुरी तरह से परेशान है ।क्योंकि एक तरफ है उमस भरी भीषण गर्मी जिससे ग्रामीण परेशान है तो वही दूसरी तरफ धान की रोपाई का समय है । लेकिन किसानो की सबमर्सिबल पम्प लोड ही नही ले रहा है ।जो चिन्ता का सबब बन गया है । जिसके बारे मे पूरे बीरबल पूरे घनश्याम पूरे रूप ,रजीतगढ पूरे निर्मल गिरधर के ग्रामीण और किसान कर रहे है ।लो वोल्टेज की इस परेशानी मे ?सा भी नही कि लालगन्ज विधुत सब स्टेशन के जे ई और लाइनमैन ? को जानकारी नही । उन्हे सब पता है लेकिन जैसे उनके वश मे कुछ है ही नही और वो असहाय है । तो वही ट्वी के माध्यम से विधुत विभाग से परेशानी बताओ तो वह कहता है उपभोक्ता की समस्या का तत्काल निवारण करे ।

# छात्रों की सोच को मिलेगा पंख, विज्ञान केंद्र देगा धौलपुर की वैज्ञानिक चेतना को नया आगाज: केंद्रीय मंत्री

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान।** धौलपुर की ऐतिहासिक और प्राकृतिक विविधताओं से समृद्ध धरती पर विज्ञान और नवाचार की एक नई दिशा जुड़ी। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. जितेंद्र सिंह मंगलवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय परिसर में स्थित सूचना केंद्र में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के सहयोग से स्थापित धौलपुर विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने विज्ञान केंद्र का अवलोकन किया तथा वहाँ उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विज्ञान प्रयोगों को न केवल सराहा बल्कि विज्ञान के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझने और उन्हें दैनिक जीवन से जोड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी जागरूकता का संदेश दिया। बाद में टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह नवाचार और विज्ञान का युग है। भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों में विज्ञान केंद्रों की स्थापना उसी सोच का विस्तार है, जिससे देश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक चेतना का विस्तार हो सके। उन्होंने कहा कि भारत अब वैज्ञानिक नवाचारों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चाहे वह चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने की बात हो, या ग्रामीण नवाचारों की, भारत ने वैश्विक मंच पर विज्ञान के क्षेत्र में अपनी दृढ़ उपस्थिति दर्ज कराई है। इस दौरान विद्यार्थियों ने केंद्रीय मंत्री से संवाद करते हुए विज्ञान में रुचि, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। छात्राओं ने सुझाव दिए कि राज्य के अन्य जिलों में भी इसी प्रकार विज्ञान केंद्रों की स्थापना की जाए।

# संकीर्तन भवन में द्विदिवसीय श्रीगुरु पूर्णिमा महोत्सव 09 और 10 जुलाई को

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**



वृन्दावन ।वंशीवट क्षेत्र स्थित संकीर्तन भवन में श्रीसंकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट के द्वारा संत प्रवर प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की सद्प्रेरणा से द्विदिवसीय श्रीगुरु पूर्णिमा महोत्सव 09 से 10 जुलाई 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारंभ 09 जुलाई को प्रातः 08 बजे से गौरी गणेश पूजन के साथ होगा ।तत्पश्चात व्यासावतार स्वामी प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज द्वारा रचित भागवत चरित का अखंड परायण पाठ प्रारंभ होगा। मुख्य ट्रस्टी आचार्य विनय त्रिपाठी एवं भागवताचार्य गोपाल भैया महाराज ने बताया है कि 10 जुलाई को प्रातः 08 बजे अखंड भागवत चरित पाठ विश्राम होगा ।तत्पश्चात 08:30 बजे से समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं द्वारा संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज के विग्रह का पूजन-अर्चन किया जाएगा।

इसके अलावा 12:30 बजे से संत , ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मी कुमार मोहता, मंत्री श्रीमती रजनी मेहरोत्रा एवं व्यवस्थापक आचार्य मंगेश दुबे ने सभी से इस महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

# एसडीएम व एसीपी की झूठी रिपोर्ट पर थाना प्रभारी बड़ागांव को क्लीन चिट

वेलकम इंडिया। संदीप तिवारी




**वाराणसी मिजार्मुराद** । इन दिनो आईजीआरएस के तहत हो रहे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में फजीवाड़े का खुलासा आए दिन हो रहे हैं। बड़ी बात तो यह है कि फर्जी निस्तारण के आधार पर लोग अपनी पीठ भी खूब थपथपवा कर सरकार से मेडल ले रहे हैं। लेकिन आईजीआरएस का निस्तारण जो हो रहा है उसमें से अधिकांश निस्तारण सिर्फ कागज पर धरातल पर कुछ नहीं हो रहे है। जी हां ऐसा ही एक वाकया बड़ागांव का आया है,जहां सीएम के निर्देश पर धरातल पर नहीं,बल्कि कागज पर एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व एसीपी पिंडरा ने झूठी रिपोर्ट लगाकर थाना प्रभारी बड़ागांव अतुल सिंह को क्लीन चिट दे दिया है। इसी झूठी रिपोर्ट को नोडल अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व ने शासन को भेज कर मामले को निस्तारित भी कर दिया। पीड़ित ने दोनों अधिकारियों की झूठी रिपोर्ट पर आपत्ति दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कार्यवाही की मांग किया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि उपरोक्त दोनों अधिकारी निरीक्षण करने के लिए न मौके पर पहुंचे और न हीं पीड़ित को बुलाकर संपूर्ण साक्ष्य और सबूत ही देखें। जांच अधिकारी सिर्फ लेखपाल,कानूनगो और तहसीलदार की रिपोर्ट ही देख लिए होते तो इस तरीके की झूठी रिपोर्ट लगाकर मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां नहीं उड़ाते। पत्रकार प्रेस क्लब के सदस्य एवं एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विपिन पांडे का आरोप है कि वर्ष 2022 में मेरे विपक्षी विजय शंकर पांडे ने मेरी मां बृजबाला पांडे के नाम से जो सह खाते की जमीन थी,उस पर जुताई बुवाई करने से रोक रहे थे। उच्च अधिकारियों ने मामले की जांच करवाई तो सच सामने आ गया उसके बाद मेरे खेत की जुताई बुवाई हुई। राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारी की रिपोर्ट में साफ शब्दों में उल्लेख है कि बड़ागांव के विसईपुर में स्थित आराजी संख्या 2382 सगे भाई शारदा पांडे व रमाशंकर पांडे के नाम से है। सगे दोनों भाई पूर्व में बटवारा कर के आधे-आधे जमीन पर काबिज भी थे। शारदा पांडे ने अपने हक की पूरी जमीन अपने बड़े बेटे विजय शंकर के पुत्र दीपक पांडे के नाम से वर्ष 2000 में रजिस्ट्री कर दिया था। इनके रजिस्ट्री करने के कई साल बाद यानी रमाशंकर पांडे ने वर्ष 2010 में अपने भतीजे दयाशंकर पांडे की पत्नी बृजबाला पांडे के नाम से अपने हिस्से की जमीन रजिस्ट्री कर दी। बृजबाला पांडे अपने हिस्से की भूमि पर लगभग 15 वर्षों से जुताई बुवाई कर रही हैं और शारदा पांडे के हिस्से की जमीन पर उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश होने की वजह से जमीन परती है। गलत तरीके से बृजबाला पांडे के खेत की जुताई बुवाई रोकी गई है। इसी तरीके से हाईकोर्ट से स्थगन आदेश होने के बावजूद भी पीड़ित विपिन पांडे के बाउंड्री वाल को तोड़कर निजी खड़ंजा बिछाए जाने की भी रिपोर्ट राजस्व कर्मचारियों द्वारा दी गई है। संपूर्ण रिपोर्ट होने के बावजूद भी बड़ागांव थाना प्रभारी अतुल सिंह आरोपियों की खुलकर मदद ही नहीं बल्कि झूठी रिपोर्ट देकर अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। बताते चलें कि जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ागांव मौजा बिसईपुर निवासी पत्रकार प्रेस क्लब वाराणसी के मेंबर एवं एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विपिन पांडे ने सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर तहसील क्षेत्र के जिम्मेदार पुलिस एवं प्रशासनिक अफसरों के साथ बड़ागांव थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने पत्र में उल्लेख किया था कि थाना प्रभारी बड़ागांव अतुल सिंह मेरे विरोधियों के धन बल के प्रभाव में आकर उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश के बावजूद भी बाउंड्री वॉल को तुड़वाकर जबरन निजी लगभग 20 फीट चौड़ी खड़ंजे का निर्माण रातों-रात करवा दिया है। आरोप यह भी है कि थाना प्रभारी अतुल सिंह विरोधियों को संरक्षण देकर इनके मां के नाम से लगभग 5 बीघे भूमि जो है उस पर भी इनके द्वारा की जा रही जुताई बुवाई को रुकवा दिया है।

# कृषि बीज भण्डार पर मिल रहा मिलेट्स बीज के मिनिकिट



वेलकम इंडिया

**कांधला।** मोहसीन रहमानी विकासखंड के बीज भंडार पर किसानों को अन्य प्रकार की बीजों की मिनी किट निशुल्क वितरण की जा रही है। सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार ने बताया कि खंड विकास परिसर मे स्थित कृषि बीज भण्डार पर किसानो को मोटे आनाज ( मिलेट्स ) ज्वार, सांवा, रागी, बाजरा और उर्द, मुंग व तिल के बीज मिनिकिट निशुल्क वितरण किया जा रहा है। क्षेत्र के किसान उक्त फसलो की बुवाई करना चाहते है वह किसान बीज भण्डार पर आकर पोस मशीन मे अंगुठा लगाकर निशुल्क बीज मिनिकिट प्राप्त कर सकता है।

मिनिकिट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जा रहे है। इसके अतिरिक्त अरहर, उर्द व मुंग का बीज सामान्य एट सोर्स सब्सिडी के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। मृदा सुधार के लिए जिप्सम भी उपलब्ध है व जिप्सम को भी एट सोर्स सब्सिडी के माध्यम से पोस मशीन के द्वारा किसानो को वितरित किया जायेगा। इसके अलावा हाइब्रिड मक्का बीज 50% अनुदान पर उपलब्ध है। मंगलवार को किसान रजनीश,जयपाल, विशेष मलिक को उर्द बीज के निशुल्क मिनिकिट भी वितरित किए। इस दौरान बीटीएम तेजपाल सिंह, प्रदीप, विश्वास, वर्षा आदि मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधारोपण



वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सामलिया ग्रुप में पौधारोपण किया। जैंत शेरगढ़ रोड स्थित सामलिया फॉर्म्स पर सैकड़ों फलदार व फूलदार पौधे रोपे। सामलिया ग्रुप के चेयरमैन ठाकुर यशवीर राघव ने कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं। एक पेड़ मां के नाम रोपित कर इनके संरक्षण का संकल्प लिया गया है। आगे और भी पौधे रोपे जाएंगे। सामलिया ग्रुप द्वारा जामुन, आम, कंजी, अमरूद, अनार, अशोक, सदाबहार आदि पौधे रौपे गए। बंटी सिसौदिया, गौरव चौहान, दिगम्बर सिंह, सौरभ सिसोदिया, हरेंद्र तरकर, अधिकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दो पक्षों के बीच हुई पत्थर बाजी में आधा दर्जन का चालान


वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में दो दिन पुर्व ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने कालाबाजारी के लिए जा रहे सरकारी राशन को पकड़कर मौके पर अधिकारियों को बुलाया था। अधिकारी राशन डीलर की दुकान पर जांच करने के लिए पहुंचे तो राशन डीलर पक्ष और ग्रामीणों के बीच लाठी डंडे व पथराव हो गया था पत्थरबाजी का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।जिसमें दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। और आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर चालान कर दिया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को ग्राम प्रधान आरिफ जंग के साथ मिलकर फतेहपुर पुलिया के समीप कालाबाजारी के लिए रेहड़े में भरकर जा रहे सरकारी राशन चावल को पकड़ लिया था और हंगामा करते हुए मौके पर अधिकारियों को बुलाने की मांग की थी। सूचना पर नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव खाद्य निरीक्षक योगेश कुमार व लेखपाल पहुंचे थे। अधिकारियों ने राशन को कब्जे में लेकर चालक को भी पकड़ लिया था। और जांच करने के लिए गांव मलकपुर स्थित राशन डीलर की दुकान पर पहुंचे थे। अधिकारी व पुलिस के सामने ग्रामीण व राशन डीलर पक्ष के बीच लाठी डंडे और पत्थर बाजी हो गई थी। पत्थरबाजी में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों पक्षों के आठ लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए मंगलवार को नासिर,नदीम, मुनव्वर सद्दाम, एवं अमजद और सरकारी राशन को खरीद कर ले जा रहे कैराना निवासी अशिक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। दोनों पक्षों के आधा-दर्जन लोगों का चालान कर दिया गया है मेडिकल रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# प्लॉट में जल भराव से मकान में आई दरार, प्रशासन से लगाई गुहार

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** क्षेत्र के गांव गाँठोली और बहज बॉर्डर के बीच नगला में एक मकान के बगल में खाली पड़े प्लॉट में पानी भर जाने की वजह से दरारें आ गई हैं। मकान नया बना हुआ है लेकिन दरारें पडने की वजह से कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है । मकान मालिक रामेश्वर ने बताया कि बगल में उनके चाचा का प्लॉट है जिसमें बरसात का पानी भर गया है और उन्होंने कई बार उसको निकालने के लिए चाचा से कहा है तो वह लड़ने को तैयार हो जाता है। रामेश्वर ने बताया कि उन्होंने थाना गोवर्धन में, एसडीएम को, क्षेत्रअधिकारी गोवर्धन को और एसपी के यहां भी प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। अगर मकान दरार की वजह से गिर गया छत गिर गई या कोई हादसा हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा। गांठोंली चौकी के इंचार्ज को भी इस बारे में सूचना दी गई तो उन्होंने कहा कि जांच करके तब आगे कार्रवाई की जाएगी। मकान मालिक रामेश्वर ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है और कहा कि जल्द से जल्द खाली पड़े प्लाट का पानी निकलवाया जाए या फिर उसके चाचा को आदेश दिए जाए कि वह अपने प्लॉट में से पानी निकलवाए नहीं तो उसका मकान कभी भी गिर सकता है।

# राजकीय महाविद्यालय पेठा गोवर्धन में किया वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** सोमवार को राजकीय महाविद्यालय गोवर्धन में वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.सविता गौतम के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रांगण में शासन के निदेर्शों के अनुसार शहतूत, करंज, अर्जुन, नीम, गुलमोहर, नींबू, इमली,आम आदि के वृक्षों को रोपा गया तथा उनकी सिंचाई की गई। इस अवसर पर प्रो.ललित कुमार, डॉ. धर्मेंद्र चाहर, डॉ. रिंकी अग्रवाल, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. दीपक देव और डॉ. देवेंद्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा। गोवर्धन का राजकीय महाविद्यालय ग्राम पेठा में इसी सत्र से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित किया जा रहा है। शासन के द्वारा महाविद्यालय में अध्यापन हेतु इतिहास विभाग में डॉ. रिंकी अग्रवाल, हिंदी विभाग में डॉ. देवेंद्र शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग में डॉ. धर्मेंद्र चाहर, गणित विभाग में डॉ. नीरज कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग में डॉ. दीपक देव और समाजशास्त्र विभाग में डॉ. ललित कुमार को नियुक्त किया है जबकि प्रो. सविता गौतम को प्राचार्य नियुक्त किया गया है।

# सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के नाम पर चार लोगों से ठगी

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों से सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर ली और फरार हो गया। पीडितो ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रेता वाला निवासी जहीर खान पुत्र आसिफ अली ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी पप्पन उर्फ साजिद पुत्र हनीफ ने सात माह पहले पीड़ित से सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के नाम पर 95 हजार रुपए लिए थे। पप्पन उर्फ साजिद ने कांधला निवासी नईम से 70 हजार रुपए, अफसर से एक लाख चालीस हजार रूपए व सलीम से 95 हजार रुपए लिए थे। आरोप है कि पप्पन उर्फ साजिद ने चारों लोगों को फर्जी विजा और एक-एक चेक दिया था। चारों लोग जब दिल्ली का एयरपोर्ट पहुंचे तो विजा फर्जी निकला। चारों लोग किसी तरह दिल्ली से अपने-अपने घर पहुंचे। पीड़ितों ने पप्पन के द्वारा दिया गया चेक बैंक में लगाया तो खाते में भी पैसा नहीं पाया, ओर चेक बाउंस हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि पीड़ित लगातार सात माह से पप्पन उर्फ साजिद के घर के चक्कर काट रहे हैं।

# भागवताचार्य का किया स्वागत सम्मान



वेलकम इंडिया

**मथुरा/व्रन्दावन।** वृंदावन स्थित आनंद सेवा धाम आश्रम में चल रही भागवत कथा में पहुंचकर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने भगवताचार्य दाऊदयाल जी महाराज का स्वागत किया। सभी पदाधिकारियों ने चांदी का मुकुट, स्वाफा, फूलमाला पहनाकर भागवताचार्य का जोशीला स्वागत किया। जिसमें श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह राजावत ने कहा भागवत श्रवण से मनुष्य का उद्धार होता है। भागवताचार्य का स्वागत करना बहुत सौभाग्य का कार्य है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष ठाकुर सुजान सिंह तरकर ने कहा कि भगवताचार्य द्वारा धर्म पर चलकर भगवत प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त किया जाता है। सामलिया ग्रुप के चेयरमैन यशवीर सिंह राघव ने कहा कि मनुष्य रूपी कल्याण के लिए भागवत श्रवण जरूरी है। मनुष्य का कल्याण भावताचार्य द्वारा कही गई भागवत ही कर सकती है। इस अवसर पर सियाराम प्रधान, कृष्ण शास्त्री महाराज, भोला , सिद्धार्थ सिंह, शेखर आदि मौजूद रहे...

# सपा के जिला कार्यालय पर पूर्व विधायक महेंद्र कुमार वाल्मीकि का किया गया जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा शिकारपुर के पूर्व विधायक महेन्द्र कुमार वाल्मीकि को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में सदस्य बनाये जाने पर मंगलवार को बुलन्दशहर समाजवादी पार्टी के ज़िला कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक महेन्द्र कुमार वाल्मीकि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष लगातार तीन बार सभासद रहे और नगर पालिका परिषद शिकारपुर के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी और ज़िले में मुस्लिम समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले कद्दावर नेता मौहम्मद मुस्लिम ने समाजवादी पार्टी के ज़िला अध्यक्ष मतलूब अली और पूर्व विधायक महेन्द्र कुमार वाल्मीकि के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# विद्यालय मर्जर सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर मंगलवार के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विद्यालय मर्जर सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबिका देवी यादव ने किया। शिक्षकों ने कहा प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यक विहीन करते हुए हजारों शिक्षकों को सरप्लस घोषित कर दिया गया।20 हजार विद्यालयों को संविलयन करके प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यक के पद समाप्त कर दिए गए। वर्तमान में विद्यालय मर्जर की प्रक्रिया से छात्र अभिभावक परेशान हैं। विद्यालयों की दूरी अधिक होगी।रसोइयों की सेवा समाप्त होगी।मर्जर प्रक्रिया को पूर्ण करने में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्राम प्रधान विद्यालय प्रबंध समिति पर दबाव बनाकर विद्यालय बंद कराए जा रहे हैं। अंबिका देवी यादव ने शिक्षकों से जुड़ी दस सूत्रीय मांगों के बारे में धरना को संबोधित करते हुए कहा कि 1 अप्रैल2025 के पश्चात नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन पेंशन से आच्छादित किया जाये ।मर्जर की प्रक्रिया रोकी जाये ।किसी विद्यालय को बंद न किया जाये ।प्रत्येक विद्यालय प्रधानाध्याप की पदोन्नति एवं तैनाती की जाये ।सभी परिषदीय शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाये । दस लाख रुपए की सामूहिक बीमा का लाभ प्रदान किया जाये ।धरना प्रदर्शन में माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की तरह बेसिक शिक्षकों को भी चयन वेतनमान और प्रोन्नत वेतन अनुमन्य किए जाने की मांग की गई। शिक्षकों ने उपार्जित अवकाश ,द्वितीय शनिवार अवकाश ,प्रतिकार अवकाश एवं अध्ययन अवकाश की मांग की।साथ ही ग्रीष्मावकाश में शिक्षण अवधि प्रातः 7:30 बजे से 12:30 बजे तक किया जाए।शिक्षकों की बी एल ओ में ड्यूटी न लगाई जाए।आकांक्षी जनपदों में कार्यरत शिक्षकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण किया जाए।

# एसडीएम ने चार्ज संभालने के बाद सीओ के साथ मिलकर किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण



बुलंदशहर मंगलवार को शिकारपुर तहसील के नवागत एसडीएम अरुण कुमार वर्मा ने पद भार ग्रहण करने के बाद आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर सीओ एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के साथ मिलकर अनूपशहर शिकारपुर रोड का किया निरीक्षण उसके बरासऊ प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे जहां पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लिया जायजा तथा संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को संबंधित दिशा निर्देश दिए गए है कि कावड़ियों को रूट पर तथा मंदिर पर किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सीओ मधुप कुमार सिंह ने बताया है कि मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे। कुछ पुलिस कर्मियों को सिविल ड्रेस में तैनात किया जा रहा है जिससे कि शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा सके ड्यूटी पर तैनात किसी भी पुलिस कर्मी की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त।

# वेट लिफ्टिंग वॉरियर अकादमी में अस्मिता खेलो इंडिया 2025-26 का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दिशा मे एक मजबूत आधार हैं। सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खेलो के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. मनसुख मांडविया मंगलवार को वेट लिफ्टिंग वॉरियर अकादमी के तत्वाधान में मोदीनगर में अस्मिता खेलो इंडिया 2025-26 के शुभारंभ के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग 2025-26 के इस आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर डा मनसुख मांडविया के साथ ही खेल राज्यमंत्री रक्षा एन खडसे, ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू और द्रोणाचार्य अवार्डी विजय शर्मा मौजूद रहे। खेल की शुरूआत मुख्य अतिथि के साथ अतिथियों ने दीप प्रज्जलवित कर की। मुख्य अतिथि बतौर मंत्री डा मांडविया ने कहा कि 2014 के बाद खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं। खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इस मौके पर खेल राज्यमंत्री निखिल खड़े ने वेटलिफ्टिंग वॉरियर्स का आयोजन के दौरान 35 किलोग्राम वजन उठाकर वेटलिफ्टिंग लीग का उद्घाटन किया। मंत्री ने खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिलने के बाद भी खेल जारी रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नौकरी जीवन निर्वाह के लिए है। खिलाड़ी अभ्यास जारी रखें और कोच बनकर युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करें। सरकार जल्द ही स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल संसद में पेश करेगी। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को ओलंपिक के लिए तैयार करना है। खेलो इंडिया के तहत स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और आदिवासी क्षेत्रों में प्रतियोगिताएं होती हैं। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने खेल क्षेत्र के लिए 10 वर्षीय रोडमैप तैयार किया है। खेल कार्यक्रम के आयोजक द्रोणाचार्य पुरूस्कार विजेता विजय शर्मा ने बताया कि देश में इस लीग की 50 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन में देश भर से 70 हजार से अधिक महिला खिलाड़ी 850 प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। इस मौके पर विधायक डा मंजू शिवाच ने भी मोदीनगर क्षेत्र के खिलाडियों की प्रतिभा को सराहा ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष युवा खिलाडियों के प्रोत्साहन के लिये उठाई गई मांग को दोहराया। साथ ही उनकी सिफारिश पर निवाडी रोड स्थित शूटिंग रेंज में जीडीए की ओर से करोडों रूपयों की लागत से खेल के लिये जिम से लेकर व्यायाम के तमाम साधन की व्यवस्था को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। कहा कि इस प्रतियोगिता के जरिये खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेगें। ओलम्पिक विजेता मीराबाई चानू के संघर्ष को भी इस मौके पर दोहराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख गणमान्य लोगों में एसडीएम न्यायिक चिराग पांडे, एसडीएम अजीत कुमार सिंह, पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, भाजपा नेता डा पवन सिंघल, वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के सचिव सहदेव यादव, उनकी पत्नि सबीना यादव, भाजपा के मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, मोनू धामा सभासद, भीष्म शर्मा, डा अजय शर्मा, गौरव जैन, सुमित शर्मा आदि थे। आयोजित हुई प्रतियोगिता में 44 किलो भार कैटेगरी में प्रियंका पाटिल प्रथम प्रीतिस्मिता बोई द्वितीय तथा प्रिया कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसके अलावा 48 किलो भार कैटेगरी में पायल ने प्रथम वंदना बाराली ने द्वितीय तथा सुम्मी रघु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, 53 किलो भार वर्ग में कोयल बार ने प्रथम कृष्णा सोनवाल ने द्वितीय पूजा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया 58 किलो भर वर्ग में प्राची माली ने प्रथम बॉम्बेला ने द्वितीय दयानंदिनी ने तीसरा व 63 किलो भार वर्ग में निरुपमा देवी ने प्रथम पांचना बोरा ने द्वितीय महिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया 86 किलो भार वर्ग में मार्टिना देवी पहले स्थान पर तथा अहाना दूसरे स्थान पर रही।

## श्रीकृष्ण इण्टर कॉलेज निवाड़ी में पौधारोपण किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्रीकृष्ण इण्टर कॉलिज निवाड़ी में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0 कार्यक्रम के तहत विद्यालय को प्राप्त 147 पौधों का रोपण किया गया । इस अक्सूर पर विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित भाजपा नेता रुद्रप्रताप सिंह त्यागी ने 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत पोधों का रोपण किपा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने बच्चों को पौधों से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर एनसीसी आफिसर सुजबिन्दूर सिंह तेवतिया, सूबेदार श्री नरधोज थापा हवलदार देवेन्द सिंह, डॉ सतीशचन्दः भगीरथ बिनोद कुमार राहुल और दिनेश कुमार ने भी सहयोग किया।

## मोदी कॉलेज में वन महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम 2.0के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी ने बताया कि इस वृक्षारोपण समारोह की मुख्य अतिथि शहर की लोकप्रिय विधायक डॉ मंजू सिवाच रहीं जिन्होंने शिक्षकों व छात्रों के साथ एक अमरूद का पौधे का रोपण किया उपस्थित छात्रों और शिक्षकों ने आम ,नीम ,अशोक ,अमरुद नींबू ,बरगद ,जामुन के लगभग 150 पौधे रोपित किये ।

**विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि पेड़ धरती के आभूषण हैं।**

विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि पेड़ धरती के आभूषण हैं। धरती को हरा भरा रखना हम सभी का परम कर्तव्य है ।प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी ने बताया कि सभी को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया चाहे वह जीवित हो या दिवंगत और उसे पौधे की इस देखभाल प्यार और समर्पण के साथ पोषित करें जिस तरह एक मां अपने बच्चों को पोषित करती है। सभी छात्रों को समझाते हुए प्रधानाचार्य जी ने कहा कि अगर हम सभी पेड़ों को अपने बच्चों की तरह का पालेंगे तो पूरा मोदीनगर हरित क्षेत्र बन जाएगा अगर हम उनकी देखभाल करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी ।इस आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने तथा भावी पीढियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के संदेश दिया गया सभी छात्रों ने इस पहल को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी के रूप में लेने का संकल्प लिया भविष्य में भी इस जागरूकता आंदोलन को और अधिक बढ़ाने के लिए भी संकल्प लिया। इस वृक्षारोपण के बाद प्रधानाचार्य और विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह एन सीसी इंचार्ज राजीव जांगिड़,हिंदी प्रवक्ता डॉक्टर भावना और अनीता अग्रवाल, संजीव कुमार, गौरव त्यागी ने संयुक्त रूप से विधायक को प्रतीक चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया इस अवसर पर लगभग 150 छात्र हमारे राष्ट्रीय झंडे की पोशाक में पहने हुए पौधे लेकर खड़े हुए थे वृक्षारोपण समारोह को सफल बनाने में प्रवीण जैनर,सतीश कुमार. कुमारी ज्योति आदि का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## मीडिया कॉनक्लेव में छाया खबरों की विश्वसनीयता और एआई का मुद्दा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,** मन्नते फाउंडेशन की ओर से जनपथ स्थित ली मेरिडियन होटल में मीडिया कॉनक्लेव और ताज रत्न इंटरनेशल अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। तीन सत्रों में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संस्था के मुख्य संरक्षक एवं वरिष्ठ उद्योगपति डॉ. विजय किशोर बंसल, विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल इनकम टैक्स कमिश्नर प्रथम अनुपमकान्त गर्ग, खेरागढ़ नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर गर्ग, कुलदीप ठाकुर, अध्यक्ष माधव फाउंडेशन चांदनी धवन, थाई बॉक्सिंग चेयरमैन आराधना सिंह सौलंकी, मधुकर चतुवेर्दी, अतुल तिवारी, विनय चौधरी, निखिल सिंघल, डॉ. प्रीती तागड़े ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रवज्जलित कर किया। मीडिया कॉनक्लेव में पैनलिस्ट ने मीडिया की नैतिक जिम्मेदारी और वर्तमान में एआई की भूमिका विषय के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। चर्चा की शुरूआत इंडिया न्यूज एंकर/प्रोडूसर दीप्सी द्विवेदी ने कहा कि जिंदगी को प्रभावित करने वाली खबरें ब्रेकिंग न्यूज की दौड़ शामिल नहीं होनी चाहिए। समय आ गया है मीडिया को भी समाज में अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी भारत 24 न्यूज एंकर प्रिया सिन्हा ने कहा कि समय-समय पर पत्रकार सरकार से सवाल करता है और उसकी जिम्मेदारी भी है।

## श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रथम पटोत्सव के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** महामाया देवी मंदिर परिसर में श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रथम पटोत्सव के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें से सेकंडो श्रद्धालु जनों ने भाग लेकर भगवान श्री बांके बिहारी के भजनों का लाभ उठाया। श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रथम पटोत्सव के उपलक्ष में भाजपा नेता एवं समाजसेवी स्वदेश जैन के द्वारा श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रथम पटोत्सव के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन कराया गया । श्रीधाम वृंदावन से पधारे मधुर भाव रसिक संत चित्र विचित्र बिहारी दास महाराज ने श्री बांके बिहारी के भजनों से सभी को भाव विभोर कर दिया। भगवान के भजनों पर श्रद्धालु जन झूमते नजर आए। इस मौके पर स्वदेश जैन की ओर से प्रसाद का वितरण किया गया । इस मौके पर जैन परिवार, विधायक डॉ मंजू शिवाच सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जनों ने भजन संध्या में भाग लेकर धर्म लाभ उठाया।

## सृष्टि पर पेड़-पौधे परोपकार का सबसे बड़ा पर्याय : इंजी. मालू

वेलकम इंडिया





**बाड़मेर, राजस्थान।** मालू (जैन) भाईपा समाज संस्थान एवं जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कुर्जा स्थित श्री सच्चियाय माता मन्दिर प्रांगण में भाईपा महामंत्री इंजीनियर दीलीप मालू एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें अलग-अलग किसम पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया गया। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि संस्थान की ओर से श्री मालू भाईपा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कुर्जा सच्चियाय माता मन्दिर प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मालू भाईपा के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित मेले में आएं भक्तों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं मेले के दौरान मन्दिर पहुंची माताओं-बहिनों ने भी उत्साह के साथ पौधारोपण किया। अमन ने बताया कि संस्थान की ओर से इस वर्ष 1500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें नियमित रूप से अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है। मालू भाईपा संस्थान के महामंत्री इंजीनियर दीलिप मालू ने पौधारोपण करते हुए कहा कि प्रकृति में पेड-पौधे सबसे महत्वपूर्ण अंग है। सम्पूर्ण प्रकृति पेड़-पौधों व वनस्पति के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। पेड़-पौधे सृष्टि में परोपकार का सबसे बड़ा पर्याय है। पत्रकार कपिल मालू ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम में मालू भाईपा संस्थान के पदाधिकारियों सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माताओं-बहिनों ने उत्साह के साथ पौधारोपण किया। कार्यक्रम में इंजी. दीलीप मालू, मुकेश अमन, प्रकाशचन्द लूणिया, पारसमल मालू, रतनलाल मालू, नेमीचंद मालू, पत्रकार कपिल मालू, डालूराम सेजू, धनराज मालू, राजू जैन, पारसमल सिंघवीं, सुरेश धारीवाल, बाबुलाल सिंघवीं, मदनलाल, बंशीधर मालू आदि उपस्थित रहे।

## संसार को ब्रज के महत्व को बताने के लिए किया भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज रज का पान : आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



वृन्दावन। छटीकरा रोड़ स्थित मृदुल वृन्दावन धाम में द भागवत मिशन फाउंडेशन एवं भागवत परिवार समिति (रजि.) दिलशाद गार्डन, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे अष्टदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीगुरू पूर्णिमा महोत्सव के छठवें दिन व्यासपीठ से श्रीहरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को महारास लीला, मथुरा गमन, कंस वध एवं भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह की कथा श्रवण कराई ।साथ ही भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि विवाह की अत्यंत दिव्य व भव्य झांकी सजाई गई ।साथ ही विवाह से संबंधित बधाईयों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया। व्यासपीठ पर आसीन आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने महारास का प्रसंग श्रवण कराते हुए कहा कि महारास लीला भगवान श्रीकृष्ण की एक अद्भुत व परम रसमयी लीला है ।जिसे उन्होंने असंख्य ब्रजगोपियों के हृदय की अभिलाषा को पूर्ण करने लिए व अभिमानी कामदेव के अभिमान को नष्ट करने के लिए श्रीधाम वृन्दावन के यमुना तट पर शरद पूर्णिमा की रात्रि को किया था ।जिसमें उन्होंने अनेकों रूपों में अपनी बांसुरी बजाकर संपूर्ण विश्व को ब्रजमंडल की ओर आकर्षित किया। लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला के दर्शनों के लिए समस्त देवी-देवताओं के साथ भगवान शिव भी ब्रज गोपी का स्वरूप धारण कर श्रीधाम वृन्दावन पधारे थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की महारास में सम्मिलित ब्रजगोपियां कोई साधारण स्त्रियां नहीं थी ।वो पूर्व जन्म के महान तपस्वी ऋषि-मुनि थे ।जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में पाने के लिए अनन्त युगों तक कठोर तपस्या की थी ।इसीलिए ब्रजगोपियां भी भगवान श्रीकृष्ण के समान ही परम आनंदमयी व चिन्मयी थीं। पूज्य महाराजश्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत में वस्तुतः भगवान श्रीकृष्ण की समस्त लीलाओं का वर्णन है ।श्रीकृष्ण ने बृज में बाल लीलाएं करके समस्त ब्रज वासियों को आनंद प्रदान करते हुए जीव और ब्रह्म के अंतरंग भेद को समाप्त करके एकत्व की शिक्षा प्रदान की। भगवान ने माखन चोरी करके भक्तों को अद्भुत प्रेम और भक्ति का संदेश प्रदान किया।

## अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बेसिक शिक्षक महासभा ((पंजी.) उत्तर प्रदेश का पांचवां स्थापना दिवस पर प्रांतीय शैक्षिक संगोष्ठी संपन्न

डीके निगम



बुलंदशहर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बेसिक शिक्षक महासभा (पंजी.)उत्तर प्रदेश के पांचवां स्थापना दिवस पर प्रांतीय शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन प्रधान फॉर्म हाउस, सुशीला बिहार में संपन्न हुआ ।संगोष्ठी का मंगलारंभ तथागत बुद्ध , डॉ भीम राव अंबेडकर के छवि चित्रों के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर पूज्य बौद्धाचार्य अनुराग कुमार के सानिध्य में त्रिशरण पंचशील के वाचन के साथ हुआ ।संगोष्ठी को दो सत्रों में संचालित किया गया जिसके प्रथम सत्र में अतिथियों का सम्मान एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए शिक्षकों का जिले की टीम के साथ सम्मान किया गया। तत्पश्चात महासभा द्वारा प्रकाशित स्मारिका ₹समता मूलक समारिका 2025₹ का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया ।स्थापना दिवस संगोष्ठी की अध्यक्षता श्रद्धेय भीष्म पाल सिंह संस्थापक/प्रांतीय अध्यक्ष एवं संचालन हरवेंद्र विमल प्रांतीय संघटन मंत्री द्वारा किया गया ।प्रांतीय अध्यक्ष ने महासभा की भूमिका के बारे में बताया तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रद्धेय मुंशी लाल गौतम पूर्व विधायक ने अपने विचार व्यक्त किए ।अधिवेशन के द्वितीय सत्र में विभिन्न जनपदों से पधारे जिलापदाधिकारियों ने अपने-अपने जनपदों में महासभा द्वारा किए गए संघर्ष एवं उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए ।प्रदेशीय पदाधिकारियों सुनीता बौद्ध जितेंद्र कुमार सत्यार्थी रोहदास सिंह राहुल सुमन श्रद्धेय श्याम बाबू रविंद्र ज्ञानी हृदेश मासूम कुलवीर आनंद जगदीश कुमार मान सिंह हरीश दिनकर मनोज कुमार आदि ने महासभा के संघर्ष एवं भविष्य की रणनीति के बारे में विचार व्यक्त किए ।मुख्य अतिथि श्रद्धेय एड० सुरेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख अरनिया ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होता है ।शिक्षण एक बहुत ही महान पैसा है, जो किसी व्यक्ति के चरित्र, क्षमता और भविष्य को आकर देता है ।श्रद्धेय मान सिंह बौद्ध प्रांतीय अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश ने करुणा और मैत्री का संदेश दिया।

# शहदरा बार के वकील हड़ताल पर, कोर्ट में पसरा सन्नाटा, न्यायिक काम काज ठप्प

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली स्थित कड़कड़ डूमा कोर्ट की शहादरा बार एसोसिएशन के वकील पिछले सात दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया सहित बार की महिला मैंबर एक्जीक्यूटिव सुश्री लता भाटी एडवोकेट ,सचिव नरबीर डवास एडवोकेट, अतिरिक्त सचिव अवधप्रताप सिंह एडवोकेट ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कैन, कोषाध्यक्ष सुश्री ज्योति सिंह एडवोकेट आदि नेताओं ने बताया कि दिल्ली हाई कोर्ट ने सभी जिला अदालतों से चैक बाउंस केसों की सुनवाई कर रही सभी डिजिटल मैजिस्ट्रेट कोर्टों को एक साथ राउज एवेन्यु जिला न्यायालय में ट्रांसफर कर दिया है जिससे सभी वकीलों और पक्षकारों के साथ साथ गवाहों को भी अच्छी खासी परेशानी हो रही है और साथ ही यह न्यायिक क्षेत्रीय अधिकारिता का भी खुल्लम खुला उल्लंघन है जिससे काफी सारे वकीलों के सामने रोजी रोटी कमाने की भी समस्या पैदा हो गई है इन सभी भेजी गई डिजिटल कोर्टों को वापस सभी जिला न्यायलयों में स्थापित करने की मांगों को लेकर यहां के सभी वकील हड़ताल पर हैं जो पिछले तीन दिनों से यह हड़ताल भूख हड़ताल में भी बदल गई है जिसमें शहादरा बार एसोसिएशन से जुड़े वकील बारी बारी से क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे हैं उपरोक्त सभी वकील नेताओं का कहना है कि चाहे जो हो वह अपनी वकील बिरादरी के साथियों की हक और अधिकार की आवाज को उठाने के लिए हमेशा अग्रसर रहेंगे और ये हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी आज वकीलों ने कोर्ट के मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया,हड़ताल में मुख्य रूप से वीरेंद्र गौड़, कुलदीप चौधरी,सचिन मावी, गुड्डू चौधरी, देवेश कुमार, रमाकांत दुबे राम , अमर चौहान, अमित तिवारी, साजीद अहमद खान, अनीस खान, राजेंद्र पाल सिंह, सुजीत चौबे, समीर कुमार ओझा , एस के कालरा, संवेद जमील, हिमांशु धामा, तुषार मित्तल एडवोकेट, सहित तमाम महिला वकील मौजूद रही।




# बढ़े हुए गृहकर बिलों पर रोक के बावजूद जारी हो रहे बिल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम में एक बार फिर बढ़े हुए गृहकर को लेकर विवाद गरमा गया है। महापौर सुनीता दयाल को जनता और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों के माध्यम से जानकारी मिली है कि मोहन नगर और वसुंधरा जोन में अब भी बढ़े हुए गृहकर के बिलों का वितरण जारी है, जबकि निगम की सदन बैठक में यह साफ निर्णय लिया गया था कि किसी भी हाल में गृहकर नहीं बढ़ाया जाएगा। महापौर ने इस स्थिति पर गहरी नाराजगी जताते हुए इसे सदन के निर्णय की खुली अवहेलना करार दिया है। उन्होंने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जो अधिकारी और कर्मचारी इस आदेश के बावजूद बढ़े हुए बिल जनता तक पहुंचा रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही सॉफ्टवेयर टेक्नीशियन को भी निर्देशित किया गया है कि बिल जनरेशन प्रणाली में आवश्यक संशोधन कर इस तरह के बिलों को रोका जाए, ताकि आगे कोई नागरिक अनावश्यक रूप से परेशान न हो। नगर निगम की पिछली बैठक में स्पष्ट निर्णय लिया गया था कि अगले दो महीने तक गृहकर की समीक्षा की जाएगी और तब तक कोई भी नया या संशोधित बिल जनता को नहीं भेजा जाएगा। इसके बावजूद कुछ जोनों में पुराने संशोधित दरों के अनुसार बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे जनता में भारी रोष है। महापौर ने यह भी कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि जनता के साथ विश्वासघात है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस तरह की कार्यशैली को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर जल्द सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश जूनियर बालक फुटबॉल टीम (फॉर बी सी राय ट्रॉफी) के कैंप लिए ग्रेटर नोएडा के ललित कुमार सिंह का हुआ चयन..

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर



वाजिद अली अवैतनिक महासचिव फुटबॉल एसोशिएशन गौतम्बुध नगर के अनुसार मध्य प्रदेश के बालाघाट में दिनांक 26.7.2025 से 5.8.2025 तक आयोजित होने वाली भारतीय फुटबाल महासंघ एआईएफएफ द्वारा कराई जाने वाली बी०सी० रॉय ( जूनियर बॉयज नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025_26) ट्रॉफी में भाग लेने हेतु उत्तर प्रदेश की जूनियर बालक फुटबॉल टीम के लिए चयन परीक्षण का आयोजन मेरठ की शूभारती यूनिवर्सिटी में किया गया इसमे पूरे उत्तर प्रदेश से लगभग 250 खिलाडियों ने ट्रायल दिया इस चयन परीक्षण के उपरांत प्रशिक्षण शिविर हेतु प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए खिलाडियों मे से 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमे गौतमबुद्ध नगर जिले से ललित कुमार सिंह भी चयनित किये गएँ, वाजिद अली ने ललित कुमार को बधाई दी और कैंप मे अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिए कहा जिससे उनका चयन उत्तर प्रदेश टीम मे हो सके।

# साहिबाबाद रेलवे अंडरपास पर हादसे का खतरा, जनता परेशान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के साइट-4 इलाके में स्थित रेलवे अंडरपास पर सोमवार को बड़ा हादसा टल गया। एक भारी वाहन की टक्कर से अंडरपास का जर्जर हाइट बैरियर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और लटक गया, जिससे दिनभर यातायात बाधित रहा और जाम की स्थिति बनी रही।

वाहनों को हाइट बैरियर से बचते हुए मुश्किल से गुजरना पड़ा। हादसे की आशंका के चलते राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत का माहौल रहा, लेकिन अफसरों की ओर से समय पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह अंडरपास गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा बनवाया गया था, लेकिन अब इस पर जिम्मेदारी को लेकर विभागों में मतभेद साफ नजर आ रहे हैं। जीडीए के मुख्य अभियंता और प्रभारी अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि हाइट बैरियर की देखरेख किसके जिम्मे है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि अंडरपास नगर निगम को हैंडओवर किया गया था। वहीं, नगर निगम के निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एनके चौधरी ने इससे इनकार करते हुए कहा कि अंडरपास अभी तक निगम को हैंडओवर नहीं हुआ है। हाइट बैरियर के लटकने की जानकारी हमें मीडिया से मिली है। हमारी टीम को मौके पर भेजकर इसे जल्द दुरुस्त कराया जाएगा, ताकि लोगों को परेशानी न हो। जहां एक ओर विभाग आपसी जिम्मेदारियों को लेकर उलझे हुए हैं, वहीं आम लोग खतरनाक स्थिति से दो-चार हो रहे हैं। न हाइट बैरियर की मरम्मत हुई, न कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया। यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# आरसीबी क्रिकेटर यश दयाल पर रेप का केस दर्ज!

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज यश दयाल अब क्रिकेट मैदान की जगह कानून के घेरे में हैं। इंदिरापुरम पुलिस ने यश दयाल के खिलाफ एक युवती से यौन उत्पीड ?, धोखा और मानसिक प्रताड ?ा के गंभीर आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि यश दयाल ने पांच वर्षों तक रिश्ते में रखकर शारीरिक संबंध बनाए और जब उसने शादी की बात की, तो क्रिकेटर ने मुंह मोड़ लिया। युवती का कहना है कि अब वह न्याय की उम्मीद में दर-दर भटक रही है। मूल रूप से इंदिरापुरम क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने 21 जून को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर इस पूरे प्रकरण की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिक जांच कर 28 जून को यश दयाल को थाने में पेश होकर बयान देने के लिए नोटिस भेजा, लेकिन न तो उनकी ओर से कोई जवाब आया और न ही वह बयान के लिए हाजिर हुए। पुलिस के अनुसार, आरोपी की बेशर्मी भरी चुप्पी और जांच में सहयोग न करने को देखते हुए सोमवार देर रात आईपीसी की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया।

# अघोषित बिजली कटौती से परेशान सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गर्मी और बिजली की अघोषित कटौती से परेशान गाजियाबाद के लालकुंआ क्षेत्र की महिलाओं का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। मंगलवार को सैकड़ों महिलाओं और स्थानीय लोगों ने जीटी रोड पर उतरकर प्रदर्शन किया और घंटों तक जाम लगाए रखा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इलाके में लगातार हो रही बिजली की कटौती से उनका जीना मुहाल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, बीमार लोगों की हालत और घरेलू कामकाज सब कुछ ठप है, लेकिन प्रशासन और बिजली विभाग बेखबर बना हुआ है। जाम कर रहीं महिलाओं ने तब तक रास्ता नहीं खोला जब तक बिजली विभाग और प्रशासन के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच अधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोग सड़क से हटे। लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है, हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है, समाधान नहीं। अबकी बार अगर स्थिति नहीं सुधरी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन के चलते जीटी रोड पर दोनों ओर मीलों लंबी गाडि ?ों की कतारें लग गईं। ऑफिस टाइम में लगे इस जाम से स्कूल बसों, एम्बुलेंस और दफ्तर जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालात इतने बिगड़ गए कि ट्रैफिक पुलिस को भी भीड़ को संभालने में पसीने छूट गए। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। स्थानीय लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि चुनाव के समय नेता दरवाजे-दरवाजे आकर वोट मांगते हैं, लेकिन जब असली जरूरत होती है।

# गाजियाबाद पुलिस ने हर की पौड़ी से मंगवाया गंगाजल, हर थाने में पहुंचा पावन जल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्रावण मास में होने वाली पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए गाजियाबाद पुलिस ने एक अनूठी और भावनात्मक पहल की है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ के निर्देशन में गाजियाबाद पुलिस की टीम ने हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी से 1400 लीटर गंगाजल मंगवाया, जिसे मंगलवार को जिले के सभी थानों में वितरित कर दिया गया। इस पहल का उद्देश्य यह है कि अगर यात्रा के दौरान किसी शिवभक्त की कांवड़ खंडित हो जाए, तो उसे तुरंत गंगाजल उपलब्ध कराया जा सके, जिससे उसकी आस्था को ठेस न पहुंचे और यात्रा बाधित न हो। पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का जीवंत उदाहरण है। गाजियाबाद पुलिस का कर्तव्य है कि वह न सिर्फ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे, बल्कि उनकी धार्मिक भावनाओं का सम्मान भी करे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक थाने को लगभग 50 लीटर गंगाजल दिया गया है, जो विशेष रूप से ऐसी स्थितियों के लिए आरक्षित रहेगा, जहां कांवड़ टूटी हो या भक्त को दुबारा हरिद्वार जाना असंभव हो।

# इंदिरापुरम पुलिस ने पीड़ित को लौटाए एक लाख रुपये

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में साइबर अपराध के शिकार एक व्यक्ति को पुलिस की तत्परता के चलते अपनी मेहनत की कमाई वापस मिल गई। इंदिरापुरम थाने के एसएचओ रवेंद्र गौतम की सक्रिय भूमिका और साइबर सेल की तेज कार्रवाई से पीड़ित को एक लाख रुपये की ठगी की रकम वापिस दिलाने में सफलता मिली है। सैक्टर-6, आदित्य ग्रीन सिटी वसुंधरा निवासी राजीव कुमार गुप्ता ने एक अप्रैल को ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही इंदिरापुरम थाने और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की और ठगों द्वारा प्रयोग किए गए बैंक खाते को समय रहते फ्रीज करवा दिया। इस कार्रवाई के बाद सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर राजीव कुमार को उनकी ठगी गई पूरी रकम लौटा दी गई। रकम वापस मिलने पर राजीव ने इंदिरापुरम पुलिस और साइबर सेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की मुस्तैदी के कारण उन्हें राहत मिली है और उनका भरोसा कानून व्यवस्था पर और मजबूत हुआ है। इस संबंध में एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि साइबर अपराध से जुड़े मामलों में समय पर रिपोर्ट और तत्परता से कार्रवाई बेहद अहम होती है।

# डासना क्षेत्र मे अवैध कालोनियों पर जीडीए की बड़ी कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन में अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध जीडीए के प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 , के नेतृत्व में मौ0 दानिश एवं नितिन द्वारा खसरा संख्या-1618, 1619, 1620, 1627, 1628, 1629 व 1630, ग्राम डासना देहात, कल्लूगढ़ी, गाजियाबाद पर लगभग 44.00 बीघा में, असलम चौधरी व मौलाना अहमद मदनी व महसूर असन मदनी द्वारा खसरा संख्या-2524क, 2525 व 2526, डासना एन0एच0-24, गाजियाबाद पर लगभग 10.00 बीघा में व मौ0 फरमान पुत्र मौ0 उस्मान व मौ0 शकील द्वारा खसरा सं0-1126, ग्राम-कुशलिया, गाजियाबाद पर लगभग 4.00 बीघा में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, नाली आदि के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकताओं/ निर्माणकताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय/विक्रय न करें।

स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल, थाना-मधुबन बापूधाम पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

# सरकारी स्कूलों को बंद करने की साजिश के खिलाफ सड़कों पर उतरे छात्र

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में समाजवादी छात्र सभा के नेतृत्व में छात्रों ने उत्तर प्रदेश सरकार की स्कूल विलय योजना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्र जिला मुख्यालय पहुंचे और राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। छात्रों का कहना है कि सरकार पांच हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने की तैयारी कर रही है, जो गरीबों के बच्चों के भविष्य को अंधेरे में धकेलने की साजिश है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कम छात्र संख्या के नाम पर स्कूलों को बंद करना एक बहाना है। हकीकत ये है कि जिन स्कूलों में इन बच्चों को विलय कर भेजा जाएगा, वहां पहले से ही शिक्षक और संसाधनों की भारी कमी है। अगर ये योजना लागू हुई, तो स्कूलों में पढ़ाई चौपट हो जाएगी और गरीब तबके के बच्चे पढ़ाई से पूरी तरह कट जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि सरकार शिक्षा के अधिकार कानून को ताक पर रखकर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश कर रही है। पहले से ही अधिकतर प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। कहीं शिक्षक नहीं हैं, तो कहीं पीने के पानी और शौचालय जैसी सुविधाएं तक नहीं मिलतीं। ऐसे में स्कूलों को बंद करना समाधान नहीं, बल्कि समस्या को और बड़ा करना है। जिलाध्यक्ष अंशु ठाकुर ने कहा कि सरकार को स्कूलों को बंद करने की जगह उन्हें मजबूत करने की नीति बनानी चाहिए। शिक्षक भर्ती तेज की जाए, स्कूलों में साफ-सफाई, बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जाएं, ताकि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधरे और लोगों का भरोसा लौटे।